न्यूज ब्रीफ

### मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी ने आज 4 फरवरी को मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल का आयोजन आरपीबीपी शुक्ला विद्यालय मिल्कीपुर बाजार में किया है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेतनरायन सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत पाण्डेय ने मिल्कीपुर के समस्त नेताओं, जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों सहित फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों व सभी पदाधिकारियों से उक्त कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

### ब्लॉक सभागार में प्रधान संघ की बैठक 10 को

**पूराबाजार, अयोध्या :** मनरेगा में आ रही भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रधान संघ के पूरा बाजार ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी ने ब्लॉक सभागार में 10 फरवरी को एक बैठक आयोजित की है। बताया कि जिन ग्राम पंचायत की फीडिंग नहीं हुई है, वह संबंधित पत्रावली को पूरा करके 10 फरवरी के पहले ब्लॉक के संबंधित पटल पर जमा कर दें, जिससे बैठक में ही फाइलों की समस्त त्रुटियां दूर कराया जा सके।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**मवई, अयोध्या :** कोतवाली रुदौली क्षेत्र के गौरी का पुरवा मजरे फिरोजपुर मखदूमी में मंगलवार देर शाम एक किसान की खेत में लगे झटका मशीन के तार में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रज्जन लाल (40) पुत्र बरसाती लाल के रूप में हुई। वह अपने खेत में फसल की देखभाल कर रहा था। खेतों में जानवरों से फसल बचाने के लिए सुरक्षा के लिए झटका मशीन का तार लगाया गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# आयकर भरने वालों ने डकारा सरकारी राशन, 21 हजार परिवार हुए चिह्नित

## जिले में 15 हजार से अधिक परिवारों के राशन कार्ड किए गए निरस्त, 5533 रडार पर

- फैजाबाद नगर व पूराबाजार ब्लॉक में सर्वाधिक आयकरदाता चढ़े विभाग के हत्थे

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** जिले में आयकर भरने वाला परिवार भी राशन डकार रहा है। गरीबों के निवाले पर डाका डालने वाले अब तक 21 हजार से अधिक परिवारों को चिह्नित किया जा चुका है। इनमें 15 हजार से अधिक परिवारों का राशन कार्ड निरस्त हो चुके हैं। 5533 परिवार अब भी जिला आपूर्ति कार्यालय के रडार पर है। जांच का दौर जारी है। कार्रवाई के भय से लोग खुद कार्ड सरेंडर करने के लिए विभाग पहुंच रहे हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। खाद्य आपूर्ति विभाग ने आयकरदाता (इनकम टैक्स भरने वाले) व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके राशन कार्ड निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिले में लगभग 4.32 लाख राशन कार्ड धारक हैं, जिनमें से अधिकांश पात्र गृहस्थी और अंत्योदय श्रेणी के हैं, लेकिन आयकर विभाग को जांच में पता चला है कि कई परिवार ऐसे हैं जिनकी आय स्तर गरीबी रेखा से काफी ऊपर है। विशेष रूप से आयकर दाताओं की संख्या चिंताजनक रही है। पूराबाजार विकासखंड में सर्वाधिक आयकरदाता पकड़े गए हैं। यह कदम सुनिश्चित करेगा कि योजना का लाभ केवल पात्र परिवारों तक पहुंचे। जिन्होंने गलती से या अनजाने में राशन लिया, उन्हें सरेंडर करने की सलाह दी जा रही है, ताकि कानूनी कार्रवाई न हो। विभाग ने अपील की है कि अपात्र स्वेच्छा से कार्ड सरेंडर करें।



जिला आपूर्ति कार्यालय। अमृत विचार

> आईटीआर भरने वालों का डाटा भारत सरकार से मिला है। राशन कार्ड में शामिल लोगों में कोई भी अगर आयकर भर रहा है तो उसकी सूचना हमारे पास आ जा रही है। कुछ मामलों में अगर गड़बड़ी हुई तो हम जांच कराते हैं। हालांकि जो भी आईटीआर भर रहा है। उसका राशन कार्ड निरस्त किया जा रहा है।
> –बृजेश मिश्रा, डीएसओ

**ऐसे पकड़ में आ रहे आयकरदाता:** दरअसल कुछ माह पहले राशन कार्ड धारकों की केवाईसी हुई। आधार कार्ड से पैन कार्ड लिंक होने के कारण आयकर विभाग की मामला पकड़ में आ गया। आयकर विभाग ने आईटीआर जमा करने वालों की सूची जिला आपूर्ति विभाग को भेज दी। सूची मिलते ही अधिकारी जांच में जुट गए।

**विभाग में पहुंचकर लोग कर रहे हंगामा:** आयकरदाता परिवारों का राशन कार्ड निरस्त होने के बाद लोग विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारियों की मानें तो कई तो लड़ने पर उतारू हो जाते हैं, लेकिन जब उनका पैन कार्ड मांगा जाता है तो सकते में आते हैं। इनमें कई तो पैन कार्ड दिखा देते हैं, जबकि कई बहाना निकल जाते हैं।

**नगर क्षेत्र में डिलीट राशनकार्ड**

| ब्लॉक | आयकरदाता | डिलीट राशनकार्ड |
|---|---|---|
| फैजाबाद शहर | 3117 | 2724 |
| अयोध्या | 871 | 822 |
| रुदौली | 577 | 126 |
| बीकापुर | 223 | 0 |
| भदरसा | 194 | 192 |
| योग | 5452 | 4298 |

**इन ब्लॉक में कटे सर्वाधिक राशन कार्ड**

| ब्लॉक | आयकरदाता परिवार | डिलीट राशन कार्ड |
|---|---|---|
| अमानीगंज | 1187 | 1120 |
| तारुन | 1465 | 1219 |
| पूराबाजार | 2298 | 1922 |
| बीकापुर | 1449 | 523 |
| मवई | 574 | 38 |
| मसौधा | 2293 | 1854 |
| मयाबाजार | 1513 | 1223 |
| मिल्कीपुर | 1563 | 1239 |
| रुदौली | 858 | 145 |
| सोहावल | 1371 | 930 |
| हैरिंग्टनगंज | 1080 | 1059 |
| योग | 15651 | 11272 |

## आयुक्त राजेश कुमार का निरीक्षण कार्यक्रम जारी

**अयोध्या, अमृत विचार:** मंडलायुक्त राजेश कुमार द्वारा मंडल के जिलों का प्रस्तावित शीतकालीन भ्रमण/निरीक्षण कार्यक्रम जारी किया है। मंडलायुक्त 12 फरवरी को तहसील व विकास खंड रुदौली का, 19 को अंबेडकरनगर में तहसील अकबरपुर व विकास खंड टांडा का, 26 को सुल्तानपुर में तहसील लंभुआ व विकास खंड भदैंया का, 10 मार्च को अमेठी में तहसील तिलोई व विकास खंड बाजार शुक्ल का व 19 मार्च को बाराबंकी में तहसील रामनगर व विकासखंड रामनगर का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा।

## अब बिना लाइन में लगे मोबाइल से प्राप्त करें अनारक्षित टिकट

अयोध्या कार्यालय

- परिजन रेलवे ने लांच किया रेलवन एप, 14 फरवरी तक एप से टिकट लेने पर तीन प्रतिशत बोनस कैशबैक की सुविधा

**अमृत विचार :** अब यात्री बिना लाइन में लगे ही अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए उत्तर रेलवे ने रेलवन एप लॉन्च किया है। इस एप से टिकट लेन पर 14 फरवरी तक तीन प्रतिशत बोनस कैशबैक की सुविधा का भी लाभ मिलेगा।

सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि यह ऐप भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए विकसित किया गया एक आधिकारिक मोबाइल एप्लिकेशन है। इसके माध्यम से यात्री डिजिटल तरीके से रेल टिकट बुक कर सकते हैं। यात्री इससे घर बैठे ही अनारक्षित टिकट की बुकिंग कर सकते हैं। इसमें यूपीआई, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग एवं आर-वॉयलेट के माध्यम से सुरक्षित भुगतान किया जा सकता है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वह इस अधिकृत ऐप के माध्यम से ही रेल यात्रा का टिकट प्राप्त करें, किसी भी अन्य भ्रामक एप से टिकट न ले, इससे यात्रा के दौरान आपके असुविधा हो सकती है।




नेशनल मास्टर्स गेम्स के पदक विजेता शूटिंग खिलाड़ी मंडलायुक्त के साथ।

### सम्मानित हुए पदक विजेता शूटिंग खिलाड़ी

**अयोध्या, अमृत विचार :** पुणे महाराष्ट्र में 27 से 31 जनवरी तक आयोजित नेशनल मास्टर्स गेम्स शूटिंग प्रतियोगिता में जिला राइफल क्लब के तीन खिलाड़ियों ने पदक हासिल कर जनपद व मंडल व रेंज का गौरव बढ़ाया। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने मंगलवार को पदक विजेता खिलाड़ियों करुणाकर दुबे, राजेंद्र गुप्ता व अमित श्रीवास्तव को सम्मानित किया। मंडलायुक्त ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब अयोध्या के खिलाड़ी ओलंपिक जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग कर देश का नाम रोशन करेंगे। जिला राइफल क्लब के कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि नेशनल मास्टर्स गेम्स शूटिंग स्पर्धा में देश से लगभग 600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

## जिला स्तरीय खेल स्पर्धाएं आज से

**अयोध्या:** पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय खेल स्पर्धाएं डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चार फरवरी होंगी। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में जूनियर बालक क्रिकेट, जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता होगी। पांच फरवरी को जूनियर बालिका वॉलीबॉल, जूनियर बालक एथलेटिक्स, जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता होगी। छह फरवरी को जूनियर बालिका एथलेटिक्स व जूनियर बालिका जूडो प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के विजेता टीम के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# बस्ती पुलिस की हिरासत में फार्मासिस्ट

## बस्ती जिले के पैकोलिया थाने में दर्ज है अपहरण व हत्या का केस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बस्ती जिले की पुलिस ने मंगलवार भोर में कालरा अस्पताल स्थित सरकारी आवास से श्रीराम अस्पताल के फार्मासिस्ट रामप्रीत वर्मा को हिरासत में ले लिया। मामला बस्ती जिले के पैकोलिया थाने में दर्ज अपहरण व हत्या के प्रयास के एक मामले से जुड़ा है। इसमें फार्मासिस्ट के दामाद का भाई आरोपी बताया जा रहा है। पुलिस ने उनके पास से वारदात में प्रयुक्त एक जीप बरामद करने का दावा किया है। बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के हसीनाबाद इलाके में 30 जनवरी को दो एसयूवी सवार व असलहों से लैस युवकों ने हसीनाबाद निवासी हरिराम यादव का वाहन क्षतिग्रस्त कर उसका अपहरण कर लिया था। सभी उसे श्रृंगिनारी के पास स्थित एक बंद ईंट-भट्ठे पर ले गए। वहां उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। इसके बाद उसे गंभीर हालत में हसीनाबाद क्षेत्र में ही छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आदित्य चौधरी निवासी देवकाली पररानी, थाना छावनी, विनोद वर्मा निवासी बांसगांव लालापुरवा, थाना पैकोलिया और सोनू चौधरी निवासी अजगरा बांसगांव, थाना पैकोलिया समेत नौ अज्ञात पर केस दर्ज किया था। आरोपियों में एक श्रीराम अस्पताल के फार्मासिस्ट रामप्रीत वर्मा के दामाद का भाई बताया जा रहा है। घटना के बाद से वह फार्मासिस्ट के कालरा अस्पताल टेढ़ी बाजार स्थित सरकारी आवास में रुका था। इसी सूचना के आधार पर बस्ती पुलिस ने मंगलवार भोर में करीब चार बजे यहां छापा मारकर फार्मासिस्ट को हिरासत में ले लिया। हालांकि यहां आरोपी नहीं मिला। बताया जा रहा है कि उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक एसयूवी भी बरामद की है। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि बस्ती पुलिस ने कार्रवाई की है। फार्मासिस्ट को अपने साथ ले गई है।

# हवा से गोसाईगंज में बत्ती गुल, बारुन में गिरा पेड़

अयोध्या कार्यालय



घने बादल छाने से मंगलवार दिन में लाइट जलाकर गुजरते वाहन। अमृत विचार



आंधी से शाहगंज-तरमा संपर्क मार्ग पर गिरा पेड़ आवागमन बाधित। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में मंगलवार को एक बार फिर मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह कोहरा के बाद बारिश शुरू हो गई। इससे मौसम ठंडा हो गया। बारिश के दौरान तेज हवा ने विद्युत व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। गोसाईगंज के कई इलाकों में बत्ती गुल हो गई। वहीं बारुन में पेड़ गिरने से गुमटी क्षतिग्रस्त हो गई। कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ.सीताराम मिश्र ने बताया कि बुधवार को भी कोहरा और बूंदाबांदी के आसार हैं।

**गोसाईगंज प्रतिनिधि** के अनुसार हल्की बारिश और ठंडी हवा के बाद गद्दोपुर स्थित विद्युत वितरण खंड द्वितीय से जुड़ी बीकापुर 33 केवी विद्युत लाइन में सुबह करीब 7 बजे अचानक ब्रेकडाउन हो गया। जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली न रहने से पानी की आपूर्ति भी बाधित रही, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जूनियर इंजीनियर विकास पटेल ने बताया कि टीम मौके पर कार्य कर रही है। जैसे ही तकनीकी खामी दूर होगी, विद्युत आपूर्ति पूरी तरह सुचारु कर दी जाएगी।

**पेड़ हटाकर यातायात कराया बहाल: बारुन:** मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत खिहारन स्थित अंधी अंधा श्रवण आश्रम में मंगलवार दोपहर तेज हवा-बारिश के कारण एक विशाल पेड़ गिर गया। इससे आश्रम की बाउंड्री वॉल आंशिक रूप से तथा सड़क के दूसरी ओर रखी पार्वती मौर्य की सब्जी की गुमटी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। महेश कुमार गौड़ और अक्षय कुमार के घरों की विद्युत केबल भी टूट गई। गनीमत रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय पार्वती देवी मौर्य की गुमटी बंद थी। डाल गिरने से आश्रम के बगल से गुजरने वाला शाहगंज-तरमा संपर्क मार्ग भी कुछ समय के लिए बाधित हो गया था। अंधी अंधा श्रवण आश्रम के महंत कृष्णाचार्य जी महाराज ने बताया कि स्थानीय लोगों और आश्रम प्रबंधन की मदद से पेड़ को हटाकर मार्ग को यातायात के लिए बहाल कर दिया गया।

# लोन प्रकरण में पीएनबी के पक्ष में आदेश

अयोध्या कार्यालय

- मेसर्स नारायण देशी फ्रूट्स की बंधकशुदा सम्पत्ति पर कब्जा बैंक के पक्ष में देने का दिया आदेश

**अमृत विचार:** अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट ने 36 लाख रुपये लोन लेकर अदा न करने के प्रकरण में पंजाब नेशनल बैंक कुमारगंज के पक्ष में अधिनियम की धारा 14 में दी गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुए बंधकशुदा सम्पत्ति पर कब्जा दिलाये जाने का आदेश पारित किया है। साथ ही उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर को निर्देशित किया है कि बैंक के सक्षम अधिकारी द्वारा सम्पर्क किये जाने पर क्षेत्रीय पुलिस बल के सहयोग से हर्जे खर्चे सहित बंधकशुदा सम्पत्ति पर नियमानुसार बैंक को कब्जा दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। याची को निर्देशित किया जाता है कि सुसंगत अभिलेखों के साथ संबंधित अधिकारियों से सम्पर्क कर प्रश्नगत लोन में बंधकशुदा सम्पत्ति पर कब्जा प्राप्त करे।

पंजाब नेशनल बैंक की शाखा कुमारगंज के विधि सलाहकार व वरिष्ठ अधिवक्ता के.एल. गोयल व सक्षम अग्रवाल के मुताबिक विपक्षी मेसर्स नारायण देशी फ्रूटस के प्रोपराइटर श्रीनारायण मिश्रा पुत्र भगवानदत्त निवासी रौतावां खंडासा मिल्कीपुर अयोध्या ने पंजाब नेशनल बैंक जनपद अयोध्या से 36 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया था। ऋण के एवज में अपनी अचल व कृषक प्लाट 1257 व 1258 बतौर जमानत बैंक के पक्ष में बंधक किया था। साथ ही ब्याज अदा करने की गारंटी ली थी। ऋण की किस्तों का भुगतान नियमित नहीं किया गया, जिस कारण ऋण खाता एनपीए हो गया। बैंक द्वारा नोटिस देने के बावजूद कर्ज की अदायगी नहीं की गई। इसके फलस्वरूप बैंक ने विधिक नोटिस 5 नवम्बर 2024 को भेजा, लेकिन विपक्षी ने बकाया राशि अदा नहीं की। इसके बाद बैंक ने बंधक सम्पत्ति पर कब्जा लेने के लिए नोटिस 31 जनवरी 2025 को भेजा। बावजूद इसके लोन ब्याज सहित न जमा करने पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा कुमारगंज के अधिवक्ता केएल गोयल व सक्षम अग्रवाल ने विपक्षी प्रोपराइटर नारायण देशी फ्रूट्स के विरुद्ध जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में मुकदमा दायर किया। जिला मजिस्ट्रेट ने इस मुकदमे के निस्तारण के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व की अदालत में 28 अप्रैल 2025 को स्थानांतरित किया था। अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व ने 36 लाख रुपये लोन के प्रकरण में बंधकशुदा सम्पत्ति पर कब्जा बैंक को दिये जाने का आदेश पारित किया है।

## अयोध्या को मिली प्रदेशीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता की मेजबानी, तैयारियां शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग की राज्यस्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी अयोध्या को मिली है। सहायक शिक्षा निदेशक कौस्तुभ कुमार सिंह के निर्देशन में प्रतियोगिता की तैयारियां हो गई हैं। प्रतियोगिता 19 से 21 फरवरी तक डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल डाभासेमर में होगी। इसमें प्रदेश के लगभग पांच हजार छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगी। मीडिया प्रभारी अनूप दुबे ने बताया कि प्रदेशीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ 19 फरवरी को होगा। प्रतियोगिता में वॉलीबाल, फुटबॉल, क्रिकेट, योगा, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कुश्ती, योगासन, जूडो, एथलेटिक्स, दौड़, रस्सी कूद, भाला फेंक, कबड्डी आदि स्पर्धाएं होंगी। मंडल स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाने वाले बालक व बालिका खिलाड़ी ही प्रतिभाग करेंगे।

# हिंदुओं को करें एकजुट: चंपत राय

## आरएसएस की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्र को सशक्त और समृद्धि बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्षों से लगातार लगा हुआ है। हमें हिंदुओं को जात पात से दूर करते हुए एक करने का प्रयास करना होगा। यह बातें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहीं।

वह कौशलपुरी कॉलोनी स्थित एक लॉन में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश की समृद्धि में संपूर्ण हिंदू समाज के योगदान की चर्चा करते हुए देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान बताया।

विशिष्ट अतिथि आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं संघ चालक प्रो. विक्रमा प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है, जिसमें घर-घर संपर्क अभियान और पूरे भारत सहित विश्व में लगभग एक लाख स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। लक्ष्मण किला पीठाधीश्वर मैथिली रमन शरण ने 500 वर्षों के राम मंदिर के संघर्ष का उल्लेख करते हुए राम मंदिर को राष्ट्र की अस्मिता का स्मारक बताया। इसके बाद उनके नेतृत्व में उपस्थित जन समूह ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष श्रीप्रकाश पाठक और लगभग 200 पूर्व सैनिकों से अधिक संख्या में लोगों ने इस कार्यक्रम में बढ़कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आरएसएस के प्रांत सह कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख प्रो. रमा प्रति मिश्रा, महानगर शारीरिक प्रमुख अवनि कुमार शुक्ला, डॉ. आभा सिंह, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, मंगली प्रसाद तिवारी, अमर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

निर्देश 18 फरवरी से शुरू हो रही माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा

# परीक्षा केंद्रों पर साइलेंट सीसीटीवी नहीं, 30 दिन डाटा रखें सुरक्षित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को लेकर परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम, परीक्षा कक्ष और प्रधानाचार्यों के कक्ष में साइलेंट सीसीटीवी के बजाए वायस रिकॉर्डर वाले सीसीटीवी लगेंगे। परिसर और मुख्य प्रवेश द्वार को इससे मुक्त रखा गया है। इतना ही नहीं परीक्षा की समाप्ति के 30 दिन तक सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने होंगे। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रहीं हैं जिसके लिए कुल 109 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है।



- जिले के 109 परीक्षा केंद्रों की जिम्मेदारी बढ़ी

परीक्षा को सुचारू और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए परिषद के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने आदेश जारी किए हैं। इसके अनुसार परीक्षा कक्ष में छात्राओं के रहने पर महिला कक्ष की ड्यूटी लगाना जरूरी है। तलाशी की भी उन्हीं को अनुमति होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी के अनुसार, परिषद की ओर से जारी आदेश में सख्त निर्देश दिए गए हैं। परिसर के अंदर छात्र-छात्राओं के साथ ही कक्ष निरीक्षकों को भी मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परिषद के अनुसार, प्रत्येक विद्यार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पेज पर अनुक्रमांक अनिवार्य रूप से लिखेंगे। कक्ष बोर्ड पर किसी स्तर से कुछ भी लिखने की अनुमति नहीं होगी।परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र और उस पर लगने वाली फोटो का सही तरीके से मिलान जरूरी है। परीक्षा के दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक होगी। ऐसा पाए जाने पर विभागीय व प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### माध्यमिक शिक्षा परिषद की फर्जी वेबसाइट को लेकर अलर्ट

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने परिषद की फर्जी वेबसाइट को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को अलर्ट जारी किया है। परिषद की ओर से जारी अलर्ट में कहा गया है कि परिषद के नाम/लोगों से मिलते-जुलते कुछ फेसबुक पेज, व्हाट्सएप अकाउंट हैंडल एवं इंस्टाग्राम अकाउंट बनाए गए हैं। जिनके माध्यम से अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचनाएं प्रसारित होने की संभावना है।निर्देश दिया गया है कि समस्त विद्यालयों, छात्रों एवं संबंधित कार्मिकों को सूचित करें कि परिषद से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु केवल अधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट वेबसाइट का ही उपयोग करें तथा अन्य किसी भी मिलते-जुलते अकाउंट से न जुड़ें। यदि किसी ऐसे संदिग्ध अथवा फर्जी अकाउंट की जानकारी प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिपोर्ट करने तथा परिषद को सूचित करने का कष्ट करें।

## खाद भंडार की दुकान को किया निलंबित

**सोहावल, अयोध्या:** तहसील के संजयगंज बाजार स्थित जायसवाल खाद भंडार द्वारा किसान को यूरिया के साथ जबरन जिंक देने की शिकायत पर जिला कृषि अधिकारी ने दुकान को निलंबित कर दिया है। अर्थर गांव निवासी किसान राम सुरेश सिंह ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि जायसवाल खाद भंडार पर यूरिया खाद लेने पर 150 रुपये का जिंक जबरन लेने के लिये बाध्य किया जा रहा है। जिंक लेने से मना करने पर दुकानदार ने यूरिया देने से इनकार कर दिया। उन्होंने उसी समय दूरभाष के माध्यम से जिला कृषि अधिकारी से शिकायत की थी। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा ने बताया कि किसान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जायसवाल खाद भंडार की दुकान को निलंबित कर कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

### दो साल से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने मार्च 2024 में दर्ज हुए चोरी के केस के आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि 28 मार्च 2024 को बलदेव प्लाजा स्थित एक आयुर्वेदिक दवाइयों के दुकान से 45 हजार नकद व कुछ अन्य सामान चोरी हुआ था। इस संदर्भ में दुकानदार शुभम गुप्ता ने अपने कर्मचारी शनि शर्मा निवासी रामकोट अयोध्या के खिलाफ केस दर्ज कराया था। तब से वह फरार चल रहा था। बताया कि चौकी प्रभारी रिकाबगंज रघुवीर सिंह व उनकी टीम ने मंगलवार को आरोपी को कैंट रेलवे स्टेशन के मालगोदाम की ओर जाने वाले मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो चांदी के सिक्के भी बरामद हुअ।

### बजट के सकारात्मक आह्वान को सराहा

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि के निर्माण के बाद अयोध्या में उमड़ रहे जन सैलाब के बीच केंद्र सरकार द्वारा बजट में टूरिस्ट गाइडों के लिए किए गए सकारात्मक आह्वान को अयोध्या गाइड एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष दीपक भट्ट, महामंत्री व राष्ट्रीय लोक दल युवा के महानगर अध्यक्ष अमित पांडे ने सराहनीय बताया है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेष नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा की अगुवाई में गाइड एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक हुई, जिसमें सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए रालोद नेता सुडडू मिश्रा ने मांग की कि सरकार पर्यटन विभाग द्वारा पंजीकृत गाइडों के संरक्षण हेतु कम से कम दस हजार महीने मानदेय की भी घोषणा करें। संगठन के अन्य सदस्यों ने भी बजट में गाइड के हित की बात शामिल करने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### भारी वाहनों पर नो एंट्री की उठाई मांग

**गोसाईगंज, अयोध्या :** नगर इन दिनों भीषण जाम की समस्या को लेकर व्यापार मंडल ने विरोध दर्ज कराते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार गुप्ता ने कहा कि तेलियागढ़ चौराहा, रामगंज, पश्चिम रेलवे क्रॉसिंग गोसाईगंज रोड, कटरा बस स्टैंड और भीटी तिराहा जैसे प्रमुख स्थान दिन भर जाम की चपेट में रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से नगर में ट्रक, डाला, डीसीएम और गन्ने से लदी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के प्रवेश पर सुबह आठ से रात आठ बजे तक रोक लगाने की मांग की है।

### अभद्रता करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**बड़ागांव, अयोध्या :** रौनाही थाना क्षेत्र के ड्योढी बाजार स्थित एक मांगलिक कार्यक्रम से वापस आ रहे बीकापुर विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव व नंदकुमार सिंह से अभद्रता करने वाले अभिषेक सिंह निवासी परखौली ड्योढी बाजार व इंद्र देव सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विवाद वाहन के ओवरटेक को लेकर हुआ था।

### चार स्पेशल ट्रेनें 13 फरवरी तक निरस्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** माघ मेले में चलाई गईं चार स्पेशल ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। माना जा रहा है कि भीड़ न होने के कारण रेलवे ने यह निर्णय लिया है। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि अयोध्या से प्रयागराज जाने वाली ट्रेन संख्या 04252 व 04254 व प्रयागराज से अयोध्या जाने वाली ट्रेन संख्या 04251 व 04253 को तीन से 13 फरवरी तक के लिए निरस्त कर दिया गया है।

# ऐतिहासिक व पौराणिक दंतधावन कुंड भी अतिक्रमण की चपेट में

## रामनगरी में सिर्फ वीआईपी दौरे पर हटाया जाता है अतिक्रमण, फिर हालात जस के तस



रोक के बावजूद दंतधावन कुंड पर खड़ी कार। अमृत विचार



अतिक्रमण की चपेट में दंतधावन कुंड मार्ग। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** लाख कवायदों के बाद भी रामनगरी अतिक्रमण से मुक्त नहीं हो पा रही है। हाल यह है कि वीआईपी दौरे के दौरान शहर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाता है। उसके बाद स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व का दंतधावन कुंड भी इस समस्या की चपेट में है, जिसका सौंदर्य अतिक्रमण के कारण छुप सा गया है। इस मार्ग से रोजाना हजारों श्रद्धालु गुजरते हैं, फिर भी स्थायी समाधान नहीं दिखता।

दंतधावन कुंड अयोध्या के सबसे प्राचीन कुंडों में से एक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, यहां भगवान श्रीराम अपने भाइयों के साथ प्रतिदिन दातून (दांत साफ करने) के लिए आते थे। यह कुंड हनुमानगढ़ी के निकट स्थित है और राम मंदिर से ज्यादा दूर नहीं। सदियों पुराना यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र रहा है। रायगंज जैन मंदिर से दंतधावन कुंड होते हुए रामपथ पर मिलने वाले करीब 200 मीटर का यह मार्ग अति व्यस्तम मार्गों में एक है। इस मार्ग से प्रतिदिन 20 हजार से अधिक श्रद्धालु राम मंदिर व हनुमानगढ़ी दर्शन पूजन को जाते हैं।

इस मार्ग के महत्व को देखते हुए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पौराणिक दंतधावन कुंड का सौंदर्यीकरण किया गया था। वर्तमान में हालात यह है कि यह मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है। मार्ग के दोनों ओर रेहड़ी-फड़ी वालों के साथ पूजन सामग्री, रामनामी, खिलौना समेत अन्य पटरी दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। स्थायी दुकानदारों ने भी नाली के साथ सड़क के कुछ हिस्सों पर कब्जा जमा रखा है। यही नहीं कुंड की बाउंड्रीवॉल पर भी पटरी दुकानदारों ने कपड़े आदि टांग रखे हैं। कुंड में प्रवेश के मुख्य मार्ग के बगल ट्रांसफार्मर से सटकर ही एक बड़ी गुमटी रखी हुई है, इससे कुंड की सौंदर्यता तो छिप ही रही है, हादसे का भी खतरा बना रहता है।

### अतिक्रमण के चलते कुंड में प्रवेश नहीं करते भक्त

जेपी पाठक, वैभव तिवारी, गोपाल ओझा, अमित सिंह आदि का कहना है अतिक्रमण से कुंड का सौंदर्य छुप गया है। लोगों को जानकारी नहीं होती कि यह भी अयोध्या का पौराणिक स्थान है। भक्तों की भारी भीड़ के चलते यह व्यवसायिक क्षेत्र बन गया है। दो वर्षों में यहां 20 से ज्यादा होटल, गेस्ट हाउस व होम स्टे बन गए हैं। बाहरी दुकानदारों ने खाली जगहों को महंगे किराए पर लेकर यहां अस्थायी निर्माण कर दुकानें खोल रखी है। सड़क की पटरियों पर पटरी दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा है। उनका कहना है कि वीआईपी दौरे के दौरान पुलिस इनको हटाती तो जरूर है लेकिन उसके बाद फिर स्थिति वैसे ही हो जाती है।

**दो पहिया छोड़ सभी प्रकार के वाहनों की नो एंट्री:** सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण होने के कारण करीब 20 फिट के इस मार्ग पर महज 10-12 फिट ही जगह बची है। जल निकासी भी बाधित हो गई है। इस मार्ग पर 15 से 20 होटल व होम स्टे भी बने हुए हैं। अत्यधिक भीड़भाड़ वाला मार्ग होने के कारण यातायात पुलिस ने इस मार्ग पर दो पहिया वाहनों को छोड़ सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा रखी है। मार्ग के दोनों छोर रायगंज जैन मंदिर व दंतधावन कुंड तिराहा, दोनों जगहों पर यातायात पुलिस के साथ सुरक्षाकर्मी भी तैनात हैं। इसके बावजूद व अनुकंपा के आधार पर इस मार्ग पर ई रिक्शा व ऑटो के साथ चार पहिया वाहनों को प्रवेश दिया जाता है।

> समय-समय पर नगर निगम के साथ अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाता है। पौराणिक कुंड पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी सिटी

# एसआई कृष्ण दर्शन सेवा मुक्त





सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर सिंह को सम्मानित करते कमांडेंट ब्रजेश कुमार यादव।

**मिल्कीपुर, अयोध्या**

**अमृत विचार :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में 39 वर्षों तक देश की सेवा करने वाले सब इंस्पेक्टर कृष्ण दर्शन सिंह 82वीं वाहिनी, साम्बा बॉर्डर (जम्मू-कश्मीर) से 31 जनवरी को सेवा मुक्त हो गए। कमांडेंट ब्रजेश कुमार यादव सहित वाहिनी के समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम संहसेपुर गयासुद्दीनपुर निवासी कृष्ण दर्शन सिंह ने अपने सेवाकाल के दौरान करगिल युद्ध तथा ऑपरेशन सिन्दूर (7 से 10 मई) जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में भाग लेकर देश की सीमाओं की सुरक्षा में अहम योगदान दिया।

### आवासीय प्लाट ढहाने वाली जेसीबी बरामद

**हैदरगंज, अयोध्या :** आवासीय प्लाट ढहाने वाली जेसीबी को पुलिस ने बरामद कर लिया है, चालक फरार बताया जा रहा है। थाना क्षेत्र हैदरगंज के ग्राम पंचायत इमलिया में थाने के पास हैदरगंज-भीटी मार्ग के किनारे केला लाल खां चौबेपुर निवासी दुर्गावती पत्नी स्व. कृष्ण कुमार चौबे का आवासीय निर्माणधीन प्लाट की बाउंड्रीवॉल व अंदर बने ऑफिस उसमें रखे कुर्सियां मेज आदि को 26 जनवरी की रात जेसीबी मशीन से ढहा कर ध्वस्त कर दिया गया था। मामले में परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर पुलिस ने 14 आरोपियों पर तोड़फोड़, बलवा तथा जान से मारने की धमकी देने की विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। थाना प्रभारी विवेक राय ने बताया कि जेसीबी को करौंदी गांव से बरामद किया गया है। पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, अन्य की तलाश जारी है।

# एक दिवसीय पिंक रोजगार मेला कल

**अयोध्या :** गुरुनानक एजुकेशन सोसाइटी अयोध्या एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या के तत्वावधान में 05 फरवरी को 10 बजे गुरुनानक अकादमी गर्ल्स इंटर कॉलेज अयोध्या में बेटियों/महिलाओं के लिये पिंक रोजगार मेला लगेगा। सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत कुमार ने बताया मेले में निजी क्षेत्र की तकनीकी/गैर तकनीकी क्षेत्र की कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 40 व शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक एवं आईटीआई एवं डिप्लोमा आदि rojgaarsangam.up.gov.in (रोजगार मेला आईडी-8220)एवं ncs.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

**महाराजा बलभद्र सिंह रैंकवार महाविद्यालय**
बनकटा, पयागपुर-बहराइच (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9628469000

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में शिक्षाशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान एवं समाजशास्त्र विषयों में तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है :-
**अर्हता**- सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन**- यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/माँ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट**- यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

**नन्दिनी कालेज**
नवाबगंज-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम में एग्रोनामी, एग्रीकल्चरल केमेस्ट्री, हार्टिकल्चर एवं प्लान्ट पैथालोजी विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता**- सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन**- यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/माँ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट**- यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

# वित्तविहीन स्कूलों के शिक्षकों के वेतन पर भी विचार करे सरकार

**पूराबाजार, अयोध्या**



ठाकुर भगवान बक्स सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के पिता एवं सूर्यवंशी समाज के अध्यक्ष ठाकुर भगवान भक्श सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार से वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षकाओं की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। वह पूराबाजार में आयोजित एक कार्यक्रम में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत किए गए बजट में कई वर्गों के हितों को ध्यान में रखा गया है, जो सराहनीय है, लेकिन वित्तविहीन शिक्षकों के वेतन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को अब भी नजरअंदाज किया जा रहा है। यह मामला काफी लंबे समय से लंबित है, जिससे हजारों शिक्षक आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि आगामी बजट संशोधन या नीतिगत निर्णयों में इन शिक्षकों के वेतन और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यदि सरकार वास्तव में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना चाहती है, तो सबसे पहले शिक्षकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करनी होगी।

# गांव की सुख-समृद्धि के लिए हुआ रामायण पाठ

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** गांव की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण के लिए ग्राम देवता की पूजा-अर्चना की परंपरा का निर्वहन करते हुए ग्राम घुरेहटा में धमसा माता के देवस्थान पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक श्रीरामचरितमानस पाठ एवं हवन-पूजन का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बीडीसी सदस्य विकास सिंह एवं राधेश्याम यादव ने बताया कि यह आयोजन गांव के वैचारिक, आध्यात्मिक एवं आर्थिक विकास तथा ग्राम देवता को प्रसन्न करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष किया जाता है। इसमें स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित होती है। इस मौके पर पुरोहित पं. पेशकार त्रिपाठी, सतगुर पुजारी, जयपाल मौर्य, राम अवतार , शिव शंकर विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दिन-रात संचालित किया जाए राजकीय जिला पुस्तकालय

**कवायद शुरू**

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** राजकीय जिला पुस्तकालय के दिन-रात संचालन की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए मंगलवार को सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक विकास भवन के कार्यालय कक्ष में हुई।

बैठक में राजकीय जिला पुस्तकालय के समुचित प्रचार-प्रसार, पुस्तकालय भवन एवं चारदीवारी की मरम्मत, साइकिल स्टैंड की व्यवस्था, दिव्यांगजनों हेतु शौचालय निर्माण, बहुउद्देशीय हॉल के उपयोग, नियमित साफ-सफाई हेतु सफाई कर्मचारियों की तैनाती, बागवानी के लिए माली की व्यवस्था तथा पाठकों की सुविधा के लिए कैफेटेरिया निर्माण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए पाठकों के लिए अधिक उपयोगी एवं आकर्षक बनाया जाए, जिससे विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**लखनलाल शरण सिंह महाविद्यालय**
रघुनाथपुर (विश्नोहरपुर), नवाबगंज-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम में एग्रोनामी, एग्रीकल्चरल केमेस्ट्री, हार्टिकल्चर एवं जैनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता**- सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन**- यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/माँ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट**- यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

**एकलव्य महाविद्यालय**
झुकिया, जरवलरोड-बहराइच (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में एवं परास्नातक विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान विषयों में तथा परास्नातक कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम में एग्रोनामी एवं हार्टिकल्चर विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता**- सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन**- यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/माँ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट**- यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

# पूर्व सीओ बीकापुर समेत पांच के खिलाफ वाद दर्ज

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी बीकापुर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी, तत्कालीन दरोगा मिथिलेश चौहान, जितेंद्र नाथ उपाध्याय व योगेंद्र नाथ उपाध्याय निवासी खजुरहट, शिव शंकर पांडे निवासी बेनी गद्दोपुर थाना तारुन के खिलाफ दायर परिवाद को कोर्ट ने बतौर प्रकीर्ण वाद दर्ज कर लिया है। परिवादी की गवाही के लिए 20 फरवरी की तिथि नियत की है। यह परिवाद दीपक श्रीवास्तव निवासी ग्राम शिव तर थाना कोतवाली बीकापुर की ओर से अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह ने दायर किया है। मुकदमे में पूर्व सीओ बीकापुर तथा दरोगा पर परिवादी को प्रताड़ित करने तथा एनकाउंटर कर देने की धमकी देने समेत अन्य आरोप हैं। यह मुकदमा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय की अदालत में दायर किया गया है।

# अमन मिस्टर व रिद्धि बनीं मिस फेयरवेल

**अयोध्या कार्यालय**



एचसीजे एकेडमी में 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह में केक काटते शिक्षक व बच्चे।

**अमृत विचार:** एचसीजे एकेडमी में मंगलवार को 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक व शिक्षिकाओं ने केक काटा। प्रबंध निदेशक डॉ. शिक्षा जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन से समारोह की शुरुआत की। कक्षा 11 के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

प्रतियोगिताओं में मिस्टर फेयरवेल का खिताब अमन जायसवाल ने और मिस फेयरवेल का खिताब रिद्धि जैन ने जीता। शिक्षिका कंचन द्विवेदी ने विद्यार्थियों को जीवन के संघर्षों में धैर्य बनाए रखते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश दिया। विद्यालय के सीईओ उमेश जैन, प्रधानाचार्य दिलीप गुप्ता व प्रशासनिक अधिकारी अशोक तिवारी ने विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ एक सफल और नेक इंसान बनने का आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। । इस अवसर पर को-ऑर्डिनेटर शिप्रा मेहरोत्रा, आकाशी यादव, अनिता, संगीता, सुषमा, केडी, शिवकरण, विष्णु, राजन, आदि मौजूद रहे।

### चार उप निरीक्षकों का किया गया प्रमोशन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा जारी उप निरीक्षकों की प्रोन्नति की सूची में जिले में तैनात चार उप निरीक्षक भी शामिल हैं। इनमें कोतवाली नगर के वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव व रिकाबगंज चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह भी शामिल हैं। एसएसआई प्रदीप मूलत: हरदोई जिले के निवासी हैं। वह वर्ष 2012-13 बैच के उप निरीक्षक हैं। रिकाबगंज चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह बरेली के निवासी है। वह वर्ष 2013 बैच के उप निरीक्षक हैं व करीब डेढ़ साल से अयोध्या में तैनात हैं। निरीक्षक बनने वालों में अन्य दो उप निरीक्षकों में वीरेंद्र राय व महेंद्र कुमार भी शामिल हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद भिनगा जनपद श्रावस्ती।**

पत्रांक: 703 / न0पा0परि0भिनगा / 2025, दिनांक: 12 दिसम्बर 2025

**आवश्यक सूचना**

नगर पालिका परिषद, भिनगा के अन्तर्गत सेप्टिक टैंक / सोकपिट खाली कराये जाने हेतु सभी निजी संस्थाओं के मालिक अथवा चालक जिनके पास सेक्शन मशीन अथवा सीवेज टैंकर और जो ट्रैक्टर-ट्राली, माउण्टेड अथवा किसी भी अन्य वाहन पर माउण्टेड है वे सभी 1 सप्ताह के अन्दर नगर पालिका परिषद भिनगा में अपना पंजीकरण करा लेवे। अन्यथा अपंजीकृत वाहनो द्वारा कार्य करने की दशा में पकड़े जाने पर नगर पालिका परिषद, भिनगा के अपशिष्ट प्रबन्धन अधिनियम एवं मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के आदेशों के उल्लंघन पर चालान जुर्माने के साथ-साथ अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद भिनगा
जनपद-श्रावस्ती।

**श्रीराम कथा संग्रहालय**

**ट्रस्ट एकत्र कर रहा पुरानी फोटो और दस्तावेज, संग्रहालय में अंतिम चरण में चल रहा सिविल कार्य**

# म्यूजियम में दिखेंगे राम मंदिर के साक्ष्य, संघर्ष के इतिहास

**अयोध्या कार्यालय**



राम मंदिर में हुई खुदाई से संबंधित तस्वीर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरयू तट स्थित निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय में आने वाले पर्यटक राम मंदिर के प्राचीन इतिहास से भी रू-ब-रू होंगे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मभूमि पर 1528 में मंदिर को तोड़े जाने के संबंध में खोदाई से प्राप्त अवशेषों के दर्शन कराए जाने के साथ और उस स्थान के बारे भी सचित्र जानकारी भी दी जाएगी।

राम जन्मभूमि पर निर्माण का कार्य संपन्न होने के बाद राम मंदिर से जुड़े साक्ष्य, संघर्ष, फैसला और निर्माण की गाथा अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में प्रदर्शित की जाएगी। इसके लिए ट्रस्ट पुरानी फोटो और दस्तावेजों को जुटा रहा है। वहीं दूसरी ओर संग्रहालय में सिविल कार्य अंतिम चरण में चल रहा हैं। इसके बाद आधुनिक तकनीक पर 20 की संख्या में विभिन्न तरह के म्यूजियम को तैयार किया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में मंदिर स्थल पर खोदाई के दौरान मिली मूर्तियां और कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। और इस आंदोलन की कानूनी, राजनीतिक और धार्मिक यात्रा का भी विवरण प्रस्तुत करने के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ भी बनाया जाएगा। जिसमें अलग-अलग खंड होंगे। एक खंड में खुदाई और निर्माण कार्य के दौरान मिली वस्तुएं होंगी। दूसरे खंड में 500 वर्षों से अधिक की कानूनी, राजनीतिक और धार्मिक यात्रा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय के निदेशक संजीव सिंह बताते हैं कि इंप्रूव फॉर्मेट में कुछ चीजों की रखा गया है। कहा कि इस म्यूजियम को विश्व के श्रेष्ठतम तकनीकी की परिदृश्य बने ऐसा प्रयास है। जिस पर पूरी टीम काम कर रही है। संग्रहालय में सिविल कार्य भी अंतिम चरण में है। जल्द ही आधुनिक म्यूजियम को तैयार किए जाने पर अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2003 में कोर्ट के आदेश के बाद परिसर में की गई खोदाई स्थल के भी पूरे चित्र प्राप्त हुए हैं। जिसे लोगों की जानकारी के लिए दिखाया जायेगा।

**REQUIREMENT**
Junior Copy Editor/Junior Copy Writer
Marketing Executive
Working Location
• Lucknow • Bareilly
• Moradabad • Rampur
• Haldwani • Rudrapur • Kashipur
Experience : 1-2 years
(Freshers can also apply)
Salary : As per qualification
If you want to build a career in the media, this is the right opportunity for you.
Send your CV :
head.hr@amritvichar.com
9220796663
अमृत विचार
H.O. : Near Satellite Bus Stand, Pilibhit bypass Road, Bareilly

# आर्द्रभूमि के संरक्षण से ग्लोबल वार्मिंग में आएगी कमी : कुलपति

## एनसीसी कैडेट्स ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आर्द्रभूमि के संरक्षण से ग्लोबल वार्मिंग कम होगी। आर्द्रभूमियाँ कार्बन को सोखने में जंगलों से भी अधिक प्रभावी होती हैं।'' पीटलैंड्स'' दुनिया के सभी जंगलों की तुलना में दोगुना कार्बन स्टोर करते हैं। आर्द्रभूमियाँ स्पंज की तरह काम करती हैं, जो भारी बारिश के दौरान अतिरिक्त पानी को सोख लेती हैं और बाढ़ के खतरे को कम करती हैं। इस तरह के स्थल भूजल को रिचार्ज करने का मुख्य स्रोत हैं, जिससे हमें पीने का पानी मिलता है।

ये बातें डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहीं। वह विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कंपनी कमांडर कैप्टन प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने जलाशयों के निकट पौधरोपण किया व साफ़-सफाई अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। प्रो. शैलेंद्र ने कहा कि परिसर को क्लीन एवं ग्रीन बनाने के लिए कैडेट्स निरंतर अभियान चलाएंगे। इस अभियान में सीनियर अंडर ऑफिसर प्रसिद्ध यादव, अंडर ऑफिसर सूर्यकेतु मिश्रा, अंडर ऑफिसर लक्ष्मी चौधरी, अंडर ऑफिसर सुनैना यादव, सार्जेंट साक्षी तिवारी के साथ अन्य कैडेट उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते अवध विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

### बच्चों को समदा झील में भ्रमण कराया

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के समदा झील में वन विभाग की टीम ने कंपोजिट विद्यालय कोला के बच्चों को भ्रमण कराया। जीव जन्तु निरीक्षक आजाद सिंह ने दूरबीन से बच्चों को चिड़ियों की प्रजातियां को दिखाया। कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव लाल मोहम्मद ने कहा कि वन विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित इस तरह के आयोजन से बच्चों में उत्साह का संचार होगा। इस अवसर पर रेंजर रतनेंद्र त्रिगुनायत, वन दारोगा पन्नालाल, मिश्रीलाल, दीपक कुमार शुक्ला, विजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीमांकन करने गई राजस्व टीम से अभद्रता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** राजस्व ग्राम अरई में हक बरारी की जमीन का सीमांकन करने गई राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम संग अभद्रता व सीमांकन के दौरान लगाए गए पत्थर को उखाड़कर ले जाने के मामले में लेखपाल की तहरीर पर 10 के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बता दें कि एसडीएम के आदेश के अनुपालन में 02 फरवरी को नायब तहसीलदार हरिराम की मौजूदगी में राजस्व विभाग व पुलिस बल की टीम द्वारा सीमांकन कर निशानदेही की गई थी। मौके पर सीमांकन के लिए पत्थर लगवाया गया। आरोप है सीमांकन के बाद मौके पर मौजूद राजमन, रामअशीष, ब्रजभान, जगदीश, आत्माराम, शारदा सहित अन्य महिलाएं एकजुट हो गईं और राजस्व व पुलिस की मौजूदगी में सीमांकन का पत्थर उखाडक़र उठा ले गईं। साथ ही शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। मामले में लेखपाल सुनील की तहरीर पर थाना जलालपुर में 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# डिजिटल युग में वेब टेक्नोलॉजी और सीएमएस का ज्ञान जरूरी

- व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग में वेब टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** आज के डिजिटल युग में वेब टेक्नोलॉजी और सीएमएस का ज्ञान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों को पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर व्यावहारिक दक्षता प्रदान करती हैं, जो उनके कॅरिअर निर्माण में सहायक सिद्ध होती हैं। ये बातें विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने कहीं। वह डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा ''वेब टेक्नोलॉजी विथ सीएमएस'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। बीसीए समन्वयक डॉ. अनुराग तिवारी ने कहा, विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिलना चाहिए। सीएमएस आधारित वेबसाइट निर्माण कौशल छात्रों को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करता है। आमंत्रित अतिथि एस प्राइवेट टेक्नोलॉजी के निदेशक यश साहू ने विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वर्तमान आवश्यकताओं से अवगत कराते हुए कहा, आज कंपनियाँ ऐसे युवाओं को प्राथमिकता देती हैं जिनके पास वेब टेक्नोलॉजी और सीएमएस का व्यावहारिक अनुभव हो। यह कौशल फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप और डिजिटल सर्विसेज़ में भी अत्यंत उपयोगी है। कार्यशाला में सहायक आचार्य डॉ. संजीत पाण्डेय, डॉ. प्रवीन कुमार राय डॉ. कपिल देव, पावनी रस्तोगी, श्याम श्रीवास्तव एवं पवन कुमार ने भी अपने विचार रखें। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

## छात्र-छात्राएं अनुशासन में रहकर हासिल करें शिक्षा

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर:** राज इंटर कॉलेज मल्लूपुर मजगवां में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सपा के राष्ट्रीय सचिव विधायक त्रिभुवन दत्त शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में शिक्षा से बड़ी कोई चीज नहीं है। बगैर शिक्षा के लक्ष्य पाना संभव नहीं है। छात्र जीवन में किया गया संघर्ष भविष्य को स्वर्णिम बनाने का कार्य करता है। जूनियर छात्राओं ने सीनियर्स को उपहार भी दिए। विदाई समारोह के मौके पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर तालीम लेने की सीख दिया। इस मौके पर प्रबंधक राज बहादुर सिंह नें कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के सुदूर इलाके में स्थित इस शिक्षण संस्थान में छात्र-छात्राओं को अनुशासन युक्त माहौल देकर रोजगार परक शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है। इस मौके पर राणा प्रताप सिंह, नायबे आलम, अभिजीत सिंह, राजेंद्र, सूर्यनाथ पांडे, महेंद्र मिश्रा, ओमप्रकाश पाठक, सुगंधा सिंह, बिंदु मौर्य मौजूद रहीं।

## ट्रेन के सामने कूदी युवती, गयी जान

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** मालीपुर थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में 21 वर्षीय युवती ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना जाफरगंज मालीपुर रेलवे स्टेशन के मध्य टिकरी गांव में मंगलवार सुबह घटित हुई। बता दें कि गांव निवासिनी मीनाक्षी सिंह उर्फ मीठी पुत्री उदयभान सिंह निवासी टिकरी ने मंगलवार को ट्रेन के सामने कूद कर जान दी है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया गया है।



संत रविदास महाराज की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें किया गया याद। अमृत विचार

### श्रद्धापूर्वक मनाई गयी संत रविदास जयंती

**बसखारी, अंबेडकरनगर :** क्षेत्र में संत रविदास जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सिद्ध पीठ सिद्धेश्वर धाम में संत शिरोमणि परम पूज्य संत रविदास महाराज की जयंती श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित करते हुए संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। वहीं शुकुल बाजार बसखारी सहित कई स्थानों पर भी संत रविदास जयंती को मनाने की धूम रही। सिद्ध पीठ सिद्धेश्वर धाम में प्रमुख रूप से कुलदीप सिंह, श्याम बाबू, प्रदीप सिंह, गोपाल सिंह, दिलीप सोनी, महेंद्र जायसवाल, अर्जुन आचार्य, सर्वेश सिंह, प्रियांशु उपाध्याय, संतोष खत्री लाल, सुरेंद्र प्रधान, राम केदार, गगन, शैलेंद्र, राजेंद्र जायसवाल, प्रियांशु सिंह, आलोक, राजित राम, अभिषेक विश्वकर्मा सहित सैकड़ों भक्तजन शामिल हुए। कार्यक्रम के उपरांत आगामी 6 मार्च से 16 मार्च तक यज्ञ कथा आयोजन को लेकर बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही निमंत्रण पत्र, पोस्टर, पत्रक, होल्डिंग एवं बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी ने सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया।

# अकबरपुर की टीम ने जीता क्रिकेट टूनामेंट

**बसखारी, अंबेडकरनगर:** बसखारी विकास नगर कॉलोनी के पास स्थित मैदान में आयोजित स्वर्गीय संजय वर्मा स्मारक ग्राम सभा क्रिकेट टूर्नामेंट का 13वें दिन समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व एमएलसी अजय कुमार विशाल वर्मा मौजूद रहे। जिन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता का समापन मुकाबला अकबरपुर और रुकचनपुर की टीमों के बीच खेला गया। अकबरपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 101 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुकचनपुर की टीम 7 ओवर में 32 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार अकबरपुर की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अकबरपुर टीम के विवेक विश्वकर्मा को मैन ऑफ द मैच तथा पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल के लिए रुकचनपुर टीम के यशवंत यादव को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा ने विजेता टीम को 25 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए के नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल एवं शानदार आयोजन के लिए अमन सिंह, संजय वर्मा, संतोष यादव, मोनू वर्मा, नीरज सिंह, शिवम वर्मा, कामरान, विनीत वर्मा, सैफ, अंकुर वर्मा, दीपक यादव, सुफियान, मानक वर्मा, यशवर्धन, मंगेश यादव ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



विजेता टीम को पुरस्कृत करते पूर्व एमएलसी अजय कुमार विशाल वर्मा। अमृत विचार

### नाम बदलकर अपराध करने वाला शातिर गिरफ्तार, माल बरामद

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** नाम बदल-बदलकर अपराध करने वाले एक शातिर अभियुक्त को जलालपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन तथा दो अदद पायल बरामद किया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जलालपुर, कादीपुर सुलतानपुर, अखंड नगर, पवई आजमगढ़ तथा शाहगंज जौनपुर थानों में विभिन्न धाराओं में आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी की गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर सोमवार को रात्रि गश्त के दौरान की गई। जलालपुर कोतवाली पुलिस ने सरहुरपुर रोड स्थित सहकारी समिति के पास से करीब सुबह 8 बजे उसे दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पंकज सिंह उर्फ धनंजय उर्फ प्रमोद पुत्र लाल बहादुर उर्फ वैद्य निवासी रूपईपुरए थाना अखंड नगर जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त ने बीते रविवार को जलालपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर चौराहे पर एक वृद्ध महिला को झांसा व धमकी देकर उसके पायल उतरवा लिए थे और फरार हो गया था।

## 3 करोड़ से शहजादपुर में बनेगा बिजली घर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

- शासन को भेजा गया प्रस्ताव, उपभोक्ताओं की समस्याएं होंगी दूर

**अमृत विचार:** जनपद के शहजादपुर कस्बे को अब बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। पावर कॉरपोरेशन ने शहजादपुर में तीन करोड़ रुपए की लागत से एक नए बिजली घर के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव मंजूरी और बजट के लिए शासन को भेजा गया है। वर्तमान में शहजादपुर कस्बे की लगभग 20 हजार की आबादी को मरैला बिजली घर से बिजली आपूर्ति मिलती है। मरैला बिजली घर से पहले ही 15 से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। गर्मी में लोड बढने से मुख्य आपूर्ति बार-बार बाधित होती है, जिससे घंटों बिजली गुल रहती है। लंबी लाइनों और पुराने संसाधनों के कारण मौजूदा उपकेंद्र अब लोड नहीं संभाल पा रहे हैं। शहजादपुर के व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने बिजली संकट को लेकर कई बार शिकायतें दर्ज कराई थीं। अकबरपुर डिवीजन में पटेलनगर और एलआईसी बिजली घर संचालित हैं, लेकिन शहजादपुर के लिए अलग व्यवस्था न होने से उपभोक्ताओं को परेशानी होती थी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शासन से मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नया बिजली घर बनने से कस्बे की बिजली आपूर्ति मरैला से सीधे शहजादपुर से जुड़ जाएगी। इससे बिजली आपूर्ति अधिक सुचारू और स्थिर होगी, जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि शहजादपुर में नए बिजली घर की स्थापना की जाएगी। बिजनेस प्लान के तहत इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। बजट स्वीकृत होते ही बिजली घर के निर्माण का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## जनपद में बदला मौसम, बारिश से गिरा तापमान, फिर बढ़ी ठंड

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जनपद में मंगलवार को तेज हवाओं और बादलों की गडग़ड़ाहट के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंड में इजाफा हुआ है। बारिश ने लोगों को एक बार फिर गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर कर दिया है।

बता दें कि मंगलवार सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे। दोपहर अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और कुछ ही देर बाद रिमझिम बारिश शुरू हो गई। आसमान में लगातार गडग़ड़ाहट के साथ बारिश जारी रही, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ और सडक़ों पर आवाजाही कम दिखी। बारिश के कारण जनपद के तापमान में गिरावट आई है, जिससे वातावरण में ठंडक बढ़ गई है। पिछले कुछ दिनों से मौसम सामान्य होने लगा था, लेकिन इस अचानक बढ़ी ठंड ने लोगों को फिर से ऊनी वस्त्रों का सहारा लेने पर विवश कर दिया है। बारिश किसानों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है, खासकर गेहूं की फसल को इससे काफी लाभ मिलने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह रबी की अन्य फसलों के लिए भी अनुकूल साबित हो सकती है। किसान मोहित, कन्हैया, अभिषेक तिवारी ने बताया कि उन्हें इस तरह के मौसम बदलाव की उम्मीद नहीं थी।

जताया असंतोष | परियोजना निदेशक व सीवीओ ने किया निरीक्षण, हरा चारा एवं पशु आहार उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# गौशाला के निरीक्षण में लापरवाही, केयरटेकर पर कार्रवाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** निराश्रित गोवंश के संरक्षण, समुचित देखभाल और व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के उद्देश्य से परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने जनपद के विभिन्न विकास खंडों में संचालित गौशालाओं का भौतिक निरीक्षण किया। बता दें कि निरीक्षण के दौरान कसड़हा गौशाला रामनगर में काऊ कोट में आग लगने की घटना में दो गोवंश के झुलसने की जानकारी प्राप्त हुई, जिनका तत्काल उपचार कराया जा रहा है। प्रथम दृष्टया केयरटेकर की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित केयरटेकर को हटाकर अन्य केयरटेकर की तैनाती के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही हरा चारा और पशु आहार उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। इसी क्रम में केंद्ररुपुर जहांगीरगंज, पड़रिया फौलादपुर विकास खण्ड बसखारी और अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल मकोइया का भी निरीक्षण किया। केंद्ररुपुर गौशाला में कोई गोवंश बीमार नहीं पाया गया तथा हरा चारा और पशु आहार की उपलब्धता संतोषजनक रही, हालांकि गौशाला परिसर के मध्य स्थित तालाब के जीर्णोद्धार की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित को निर्देशित किया। पड़रिया फौलादपुर गौशाला में हरे चारे की कमी पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा एवं पशु आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, वहीं कमजोर और बीमार गोवंशों का विशेष देखभाल करने और समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। मकोइया गौशाला में सभी व्यवस्थाएं सुचारु पाई गईं तथा कोई गोवंश बीमार नहीं था।



गौशाला का निरीक्षण करते परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह। अमृत विचार

### गौशालाओं में अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं

परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि जनपद की सभी गौशालाओं में निराश्रित गोवंश की सुरक्षा, समुचित स्वास्थ्य परीक्षण, समय पर उपचार, पोषणयुक्त चारा तथा साफ-सफाई की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता या उपेक्षा पाई गई तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**टांडा, अंबेडकरनगर :** टांडा कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त सौरभ उर्फ गुलशन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस ने यह गिरफ्तारी मंगलवार सुबह सूरापुर बाजार में एक निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास से किया है। अभियुक्त पर थाना स्थानीय पर बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर द्वारा चलाए जा रहे अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी और क्षेत्राधिकारी टाण्डा के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर टाण्डा पुलिस टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया। गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ उर्फ गुलशन पुत्र रामचन्दर कलेसर थाना इब्राहिमपुर का निवासी है। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया है।

### पीड़ित को वापस कराए 3.96 लाख रुपये

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार पीड़ित की संपूर्ण 3 .96 लाख रुपये वापस कराने में सफलता पाई है। पीड़ित महशर अली निवासी रिकाबगंज कोतवाली नगर ने दो जनवरी को इस संदर्भ में केस दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि 23 दिसंबर 2025 को उनके बैंक खाते से दो बार में उक्त पैसे निकल गए थे। थाना प्रभारी मो अरशद ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज करने के बाद जिस खाते में रुपये गए थे, उसे होल्ड करा दिया गया था। कोर्ट के निर्देश पर रुपये पीड़ित को वापस कराया गया।

### कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**सोहावल, अयोध्या :** तहसील सोहावल क्षेत्र के मीरपुर कांटा स्थित ज्ञानकली इंटर कॉलेज में मंगलवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 11 के बच्चो ने अपने वरिष्ठ साथियों को माला पहना कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक समरेंद्र कुमार ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। केके सिंह ने बच्चो को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा में अनुशासन बहुत जरूरी है। सौरभ सिंह ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में सबसे पहले प्रश्नपत्र का अध्ययन करें।

### शिक्षक हितों से कोई समझौता नहीं: डॉ. संजय

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए लाल चंद से भेंट कर शिक्षक समाज का पक्ष मजबूती से रखा। कहा कि शिक्षकों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा। चल-अचल संपत्ति विवरण को लेकर जारी हालिया शासनादेश ने परिषदीय शिक्षकों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है। बिना किसी स्पष्ट शासनादेश के चल-अचल संपत्ति विवरण को वेतन से जोड़ना शिक्षक हितों के भी प्रतिकूल है। यदि इस आदेश को परिषदीय शिक्षकों पर लागू करने का प्रयास किया गया, तो उसका संगठित और लोकतांत्रिक विरोध किया जाएगा।

### निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**मवई, अयोध्या :** मवई थाना क्षेत्र के रामदास नगर में निर्माणाधीन पुलिस चौकी का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि चौकी के निर्माण से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ेगी और कानून-व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस दौरान चौकी प्रभारी आयुष यादव, उपनिरीक्षक शिव सिंह आदि मौजूद रहे।

### उल्लास से मना हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम

**अयोध्या, अमृत विचार :** आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने व 3-6 वर्ष के बच्चों की बालवाटिका शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम मंगलवार को ब्लॉक संशाधन केन्द्र तारुन में भव्यता के साथ उल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी यशवंत कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समस्त एआरपी , नोडल शिक्षकों व स्पेशल एजूकेटर्स ने अपने विचारों से कार्यक्रम को जीवन्त व सार्थक बनाया। बालवाटिका और कक्षा एक व कक्षा दो के चयनित बच्चों को स्टेशनरी व बैग पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत बूथ नंबर चार पर मंगलवार सुबह ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि जगप्रसाद यादव पुत्र रामदेव यादव व दुर्गाप्रसाद यादव पुत्र बांकी यादव निवासी जमौली पांडे थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती एक ही बाइक से बस्ती से अयोध्या की ओर आ रहे थे। बूथ नंबर चार के पास राजस्थान के नंबर के एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में जग प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दुर्गा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### बजट से ठगा महसूर कर रहे शिक्षक व वेतनभोगी



अभिषेक दुबे अनूप।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** शिक्षक अभिषेक दुबे अनूप ने बजट को शिक्षकों, वेतनभोगी और मानदेय पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ अन्यायपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता नहीं, बल्कि चुनिंदा वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया प्रतीत होता है। देश में बढ़ती महंगाई और आर्थिक असमानता के बीच नौकरी पेशा वर्ग को किसी भी प्रकार की ठोस राहत न देना सरकार की प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज लगातार पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार ने इस दिशा में पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाया है। वहीं आयकर सीमा में वृद्धि न किया जाना मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव डालने वाला निर्णय है। उन्होंने कहा कि जो सरकार शिक्षा को भविष्य की नींव बताती है, वही सरकार शिक्षकों की सुरक्षा, सम्मान और भविष्य से जुड़ी चिंताओं को नजरअंदाज कर रही है। यह बजट शिक्षा व रोजगार पर सरकार की विफलताओं को उजागर करता है।

### परिषदीय विद्यालयों में निपुण आकलन आज से

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के 1316 परिषदीय विद्यालयों में निपुण आकलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कक्षा एक और दो के बच्चों के सीखने के स्तर का पता लगाने के लिए यह आकलन 4 से 9 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों की शैक्षिक प्रगति का मूल्यांकन करना है। यह आकलन 143 डीएलएड प्रशिक्षुओं की एक विशेष टीम की मदद से कराया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल ने बताया कि यह अभियान बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान क्षमताओं को मापने के लिए डिजाइन किया गया है। अभियान शुरू होने से पहले, इन प्रशिक्षुओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनके मोबाइल में निपुण ऐप फीड किया जाएगा, जिसमें सभी विद्यालयों के छात्रों के नाम और संबंधित जानकारी उपलब्ध होगी। यह ऐप डेटा रिकॉर्डिंग और विश्लेषण में सहायक होगा। आकलन प्रक्रिया बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी। इसमें छात्रों से भाषा और गणित से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे, जो उनकी मूलभूत समझ और कौशल का परीक्षण करेंगे। सर्वे के लिए दो प्रशिक्षुओं की टीमें बनाई जाएंगी। प्रत्येक टीम एक दिन में दो स्कूलों का दौरा करेगी, ताकि निर्धारित समय-सीमा में सभी विद्यालयों को कवर किया जा सके।

### तहसीलदार के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन



धरना देते अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में प्रधान संघ ने मंगलवार को टांडा तहसीलदार द्वारा एक प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट के निकट आंबेडकर प्रतिमा प्रांगण में जुटे प्रधानों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मुकदमा वापस लेने की मांग किया। बता दें कि अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष राजबहादुर यादव ने बताया कि संघ के उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र वर्मा एडवोकेट बीते 31 जनवरी को अपने कुछ साथियों के साथ टांडा तहसीलदार से एक मामले में बातचीत करने गए थे। वार्ता में तहसीलदार प्रधान संघ के उपाध्यक्ष सुभाष के कथन से सहमत नहीं थे।

### श्रद्धा के साथ मनाई गई संत रविदास की जयंती

**आजमगढ़, अमृत विचार :** विकास खंड अहरौला के दनियालपुर स्थित ऐतिहासिक डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के संदेश के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख शकील अहमद, ग्राम प्रधान रेखा देवी, अहिरौला क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह शरद यादव (प्रधान, रामगढ़ अंबेडकर नगर), राममिलन (पूर्व प्रधान, दनियालपुर) सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए समता, सद्भाव एवं मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मतदाता सहायता केंद्र पर रोज 10 से 12 बजे तक मौजूद रहेंगे बीएलओ

**गोंडा, अमृत विचार :** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के तहत सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बैनर भी लगाए जाएंगे। मतदाताओं की सुविधा के लिए बीएलओ हर कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक सहायता केंद्र पर उपस्थित रहेंगे, ताकि दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकें। मतदाता सहायता केंद्र पर संबंधित मतदान केंद्र की 06 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली उपलब्ध रहेगी, जिससे मतदाता अपना नाम सूची में खोज सकें।

### महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनसुनवाई

**गोंडा, अमृत विचार :** महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय तथा उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से 04 फरवरी को महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जनसुनवाई कार्यक्रम सर्किट हाउस में आयोजित होगा। महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। सभी पीड़ित महिलाएं जनसुनवाई में अपनी बात रख सकती हैं। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सहित संबंधित पुलिस अधिकारी जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे।

### स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने की मांग

**गोंडा, अमृत विचार :** रेलवे ओवर ब्रिज पर लगी खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लंबे समय से पुल पर लगी कई स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं, जिससे लोग पुल से गुजरने में असुरक्षित महसूस करते हैं। कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि रेलवे ओवर ब्रिज पर जल्द से जल्द सभी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके।

### सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड पंडरी कृपाल के सुभागपुर गांव में सफाई कर्मचारी के नियमित रूप से न आने के कारण गांव की नालियां भट्ठी पड़ी हैं। नालियों में गंदगी और कीचड़ जमा होने से दुर्गंध फैल रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मच्छरों और कीड़े–मकोड़ों की संख्या बढ़ने से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम पंचायत और अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सफाई कर्मचारी भेजने और नियमित सफाई कराने की मांग की है।

### बिजली कटौती से रानी बाजार के लोग परेशान

**गोंडा, अमृत विचार :** रानी बाजार मोहल्ले में बार–बार हो रहे पावर कट से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू उपभोक्ताओं के साथ–साथ छोटे व्यापारियों का कामकाज भी ठप हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के बिजली काट दी जाती है, जिससे पानी की सप्लाई, पढ़ाई और घरेलू उपकरणों पर असर पड़ता है। कई क्षेत्रों में वोल्टेज की समस्या भी बनी हुई है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब होने का डर है। बिजली विभाग का कहना है कि बढ़ते लोड के कारण अस्थायी कटौती की जा रही है। अधिकारियों ने जल्द सुधार का आश्वासन दिया है। नागरिकों ने बिजली व्यवस्था में स्थायी सुधार की मांग की है।

# आंधी और बारिश से जाती ठंड फिर लौटी

## बिगड़ा मौसम, खेतों में खड़ी फसलों पर खतरा, अचानक बदले मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** पिछले एक सप्ताह से करवट से रहा मौसम मंगलवार को अचानक बिगड़ गया। पहले तेज आंधी और फिर हल्की बारिश ने एक बार फिर से ठंढक लौटा दी है। कई इलाकों में तेज आंधी चली तो कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इस अचानक आए मौसम परिवर्तन से किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इस समय खेतों में आलू, सरसों और दलहनी फसलें अंतिम चरण में हैं। मौसम की मार से फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि कुछ मामलों में हल्की बारिश को लाभकारी भी माना जा रहा है।

किसानों के अनुसार आलू की फसल इस समय खोदाई के लिए लगभग तैयार है। बारिश होने से खेतों में नमी बढ़ गई है और आलू सड़ने का खतरा बढ़ गया है। खेतों से यदि जल निकासी न हुई तो उत्पादन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होंगे। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि हल्की बारिश से कंदों का आकार बेहतर हो सकता है, लेकिन लगातार बारिश आलू उत्पादकों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। सरसों की फसल पर भी मौसम का असर पड़ने की आशंका है। मंगलवार को आई तेज आंधी के कारण खड़ी फसल लटक गयी और फलियों के झड़ने और दाना गिरने का खतरा बढ़ गया। विशेषज्ञों के अनुसार यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो सरसों की पैदावार में 10 से 30 प्रतिशत तक नुकसान हो सकता है। कुल मिलाकर अचानक बदले मौसम ने किसानों के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।



गेहूं और तिलहन की लगी फसल। ● अमृत विचार



आलू की फसल को क्षति की आशंका।

### दलहनी फसलों पर मिला-जुला असर

चना, मसूर और मटर जैसी दलहनी फसलों पर मौसम का प्रभाव मिला-जुला माना जा रहा है। हल्की बारिश से पौधों को नमी मिलती है, जिससे दानों का विकास बेहतर हो सकता है, लेकिन तेज आंधी के साथ बारिश होने पर फूल और फल झड़ने की समस्या सामने आ सकती है। इससे उपज प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे खेतों में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था रखें। जिन फसलों की कटाई तैयार है, उन्हें मौसम साफ होते ही शीघ्र काटकर सुरक्षित स्थान पर रखें। साथ ही बारिश के बाद फसलों में कीट और फफूंद रोग की संभावना को देखते हुए सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

# डिलीवरी के 6 घंटे बाद प्रसूता की मौत, हंगामा

● निजी अस्पताल में थी भर्ती, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार:** खोड़ारे के इस्लामपुर पोखरहवा निवासी गर्भवती पूनम (24) की गौरा चौकी स्थित प्रभा देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में डिलीवरी के करीब छह घंटे बाद मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया और पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

मंगलवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन पूनम को सुबह करीब 5 बजे निजी अस्पताल प्रभा देवी मल्टी स्पेशलिटी में भर्ती कराए थे। परिजनों के अनुसार सुबह करीब 8 बजे नॉर्मल डिलीवरी हुई, जिसमें पूनम ने एक पुत्र को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद कुछ ही समय में प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी और इलाज के दौरान डिलीवरी के करीब छह घंटे बाद उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन और गांव के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए और हंगामा करने लगे। मृतका की सास आरती ने गौरा पुलिस चौकी में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि डिलीवरी के बाद डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ की लापरवाही के कारण पूनम की मौत हुई। आरोप है कि समय पर उचित इलाज नहीं किया गया और ऑक्सीजन भी देर से दी गई, जिससे प्रसूता की जान चली गई। उधर, सीएचसी अधीक्षक तरुण मौर्य ने बताया कि सीएमओ के आदेश पर मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। जांच जारी है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# छप्पर में लटकता मिला अधेड़ का शव, हड़कंप

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के बैनिया ग्राम पंचायत के मजरा खपरी पुरवा में मंगलवार को एक अधेड़ का शव घर के मड़हे में लटकता मिला। शव की शिनाख्त मेवालाल (55) रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, मेवालाल सोमवार शाम सोने के लिए अपने पुराने घर में बने मड़हे में गए थे। मंगलवार सुबह जब काफी देर तक बाहर नहीं आए तो परिजन उन्हें जगाने पहुंचे। अंदर मेवालाल का शव छप्पर में बंधे फंदे से लटक रहा था। कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**कटरा बाजार, अमृत विचार:** एक गांव निवासिनी किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास की घटना सामने आई है। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि दो फरवरी रात उसकी बेटी घर पर अकेली थी तभी बरबलिया कुर्मी के मो. गोलू, अकबर अली, अब्बास अली, शब्बीर, मेराज घर में घुस आए। आरोपियों ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर सभी भाग निकले गोलू को पडोसियों ने पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि पांच पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आधा दर्जन से अधिक अवैध क्लीनिक सील

**कार्रवाई**

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार :** स्थानीय क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों और अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को छापेमारी की।

डिप्टी सीएमओ आदित्य बर्मा के नेतृत्व में गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कटरा बाजार क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक क्लीनिकों का निरीक्षण किया, जिसमें कई स्थानों पर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। कार्रवाई के दौरान बिना पंजीकरण और आवश्यक मानकों के संचालित हो रहे क्लीनिकों को तत्काल सील कर दिया गया। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि छापेमारी के दौरान कस्बे के एक घर के कमरे में बिना किसी बोर्ड और वैध रजिस्ट्रेशन के संचालित एसएन राय क्लीनिक, लखनऊ ज्योति हॉस्पिटल, अवध क्लीनिक तथा एके पैथोलॉजी का निरीक्षण किया गया। जांच में इन संस्थानों के पास न तो संचालन की अनुमति से जुड़े कागजात मिले और न ही पंजीकरण से संबंधित प्रमाण प्रस्तुत किया जा सका। नियमों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए टीम ने सभी को सील करने की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना योग्य चिकित्सक, मानक उपकरण और अनुमति के चल रहे क्लीनिक मरीजों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। इसी क्रम में आशा कार्यकर्ता द्वारा अलशिफा क्लीनिक पर मरीज को ले जाने के मामले में संबंधित क्लीनिक को नोटिस जारी करते हुए सख्त चेतावनी दी गई है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में दोबारा ऐसी लापरवाही सामने आई तो क्लीनिक का पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा। छापेमारी की खबर फैलते ही अवैध रूप से संचालित अस्पतालों में हड़कंप मच गया और संचालक प्रतिष्ठान बंद कर भाग गए। छापेमारी के दौरान अधीक्षक इंदू राणा समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।



क्लीनिक की जांच करने पहुंचे एसीएमओ व सीएचसी अधीक्षक। ● अमृत विचार

# जांच में निर्दोष मिले आगजनी के आरोपी

● आईजी के आदेश पर हुई पुनर्विवेचना में हुआ खुलासा

**गोंडा, अमृत विचार:** प्रधानी चुनाव की रंजिश में आगजनी के मामले में दो निर्दोष युवकों को फंसाने का मामला सामने आया है। बिना ठोस जांच के एक युवक को जेल भी भेज दिया गया था। बाद में आईजी के हस्तक्षेप पर हुई पुनर्विवेचना में आरोप गलत पाए गए। पुलिस ने दोनों युवकों को निर्दोष मानते हुए मुकदमे से उनके नाम बाहर कर अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी है।

मामला धानेपुर क्षेत्र के हनुमंता भारी का है। गांव निवासी संजय शर्मा ने बीते जुलाई माह में थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही विंध्याचल शर्मा व प्रदीप कुमार ने रात में उनके स्कूल परिसर में खड़ी बस में आग लगा दी। वादी ने घटना का सीसीटीवी फुटेज होने का भी दावा किया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बिना गहन जांच विंध्याचल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विंध्याचल करीब दो महीने तक जेल में रहे। जमानत पर रिहा होने के बाद उन्होंने देवीपाटन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक से मुलाकात कर हकीकत बताई। आईजी ने पुनर्विवेचना के आदेश दिए। पुनर्विवेचना के दौरान वादी द्वारा प्रस्तुत किए गए सीसीटीवी फुटेज को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आगजनी की घटना को अंजाम नामजद युवकों ने ही दिया था। पुलिस की विवेचना में भी दोनों भाई निर्दोष पाए गए। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि वादी संजय शर्मा और आरोपित विंध्याचल शर्मा के बीच प्रधानी चुनाव को लेकर रंजिश चली आ रही थी। इसी रंजिश के चलते बस में आग लगने की घटना के बाद वादी ने विंध्याचल और उसके भाई प्रदीप को झूठे मुकदमे में नामजद कर दिया। साक्ष्यों के आधार पर विवेचक ने विंध्याचल व प्रदीप को निर्दोष मानते हुए उनके नाम मुकदमे से बाहर कर दिये।

### जांच में मिली थी विवेचक व सिपाही की संलिप्तता

**गोंडा, अमृत विचार :** आईजी के आदेश पर हुई जांच में तीन पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आई थी।इसमें मामले के विवेचक रहे दरोगा कमलेश यादव व मुख्य आरक्षी अमरीश मिश्रा लाइन हाजिर हुए थे। बाद में अमरीश मिश्रा को निलंबित भी कर दिया गया था। दोनों के खिलाफ जांच भी चल रही है। इसी मामले में अभी थाने में तैनात एक अन्य दरोगा जांच के दायरे में हैं और उन पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

### पीड़ित ने उठाई कार्रवाई की मांग

**गोंडा, अमृत विचार :** निर्दोष साबित होने के बाद विंध्याचल शर्मा ने एसपी को पत्र लिखकर वादी संजय शर्मा पर कार्रवाई की मांग की है। विंध्याचल का कहना है कि झूठे मुकदमे के कारण उन्हें दो महीने तक जेल में रहना पड़ा। इस दौरान पुलिस ने उनके परिजनों को भी प्रताड़ित किया। फर्जी मुकदमे से उनकी सामाजिक छवि धूमिल हुई और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। उन्होंने दोषी वादी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पैर फिसलने से नाले में गिरी महिला की मौत

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव के मजरे फार्म नंबर-1 में मंगलवार सुबह एक महिला की नाले में डूबने से हुई मौत हो गई।

मृतका की पहचान आशा (59) पत्नी तिलकराम भारती के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, आशा सुबह करीब नौ बजे घर से गन्ना छीलने के लिए निकली थी। रास्ते में पड़ने वाले जरही नाले को पार करते समय अचानक उनका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में जा गिरीं। उसी समय उधर से गुजर रहे लोगों ने महिला को पानी में पड़ा देखा और शोर मचाया। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के परिवार में चार बेटे और चार बेटियां हैं। बड़े बेटे अरुण मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनसे छोटे विक्रांत दिल्ली में मजदूरी करते हैं। सत्येंद्र घर पर रहते हैं, जबकि सबसे छोटा बेटा अखिलेश अविवाहित है और वर्तमान में दुबई में काम करता है। मृतका की अधिकांश संतानें विवाहित बताई गई हैं।

घटना के बाद गांव में कुछ और बातें भी चर्चा में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मृतका की जमीन को लेकर लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। चर्चा है कि गांव के ही एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा जमीन लिखवाए जाने को लेकर पति-पत्नी के बीच आए दिन तनाव रहता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह भी जमीन को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। मृतका के बेटे सत्येंद्र ने भी विवाद होने की बात बताई है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और जांच कराई जा रही है।

### वार्षिकोत्सव में पहले दिन दादीजी के नाम लगाई गई मेहंदी



मेहंदी दिखातीं श्रद्धालु महिलाएं। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के पहले दिन मंगलवार को श्री राणीसती दादीजी के नाम की मेहंदी कार्यक्रम 11 बजे से शुरू हुआ। भक्तों ने दादीजी के नाम की मेहंदी अपने हाथों में लगवायी। सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, झंझरी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा और नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुमित भूषण सिंह, श्री श्याम मंदिर पहुंचकर बाबा खाटू श्यामजी और दादी जी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद अपने अपने हाथों में मेहंदी लगवाई। महिला मंडल ने दादीजी के भजनों पर नृत्य किया। 4 फरवरी को निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी। 4 और 5 फरवरी को भजन गायक बाबा खाटू श्याम जी और दादी जी के भजनों का गुणगान करेंगे। मेहंदी कार्यक्रम के दौरान श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, अनिल मित्तल, दीपक अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, गोविंद जालूका, अरिहंत जैन, पुनीत बंसल, नितेश मित्तल, उत्कर्ष सिंघल, पुनीत बंसल, विमलेश सिंघल, आशीष भावसिंहका, हर्षित गोयल, श्री श्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, नीलम जैन, सरोज अग्रवाल, पूनम मित्तल, बेनू अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, नीतू गर्ग, प्रीति अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल, उमा ताजपुरिया, संतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।



मेहंदी लगवाते विधायक प्रतीक भूषण सिंह।

### बार एसो. चुनाव : 51 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**गोंडा, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, कार्यकारिणी के चुनाव वर्ष 2026 –27 को लेकर नामांकन पत्रों की बिक्री एल्डर कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्य चुनाव कमेटी ने किया, जिसमें एल्डर कमेटी के सदस्य गंगेश मिश्र, अनिल देव शुक्ला, सिद्ध देव सिंह, शोएब मुस्तफा, मुख्य कमेटी के सदस्य विवेक कुमार सिंह, अमर कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव, इंदु प्रकाश तिवारी, साकेत कुमार मिश्रा, महेंद्र मोहन मिश्रा, दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा व विनोद कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। वार्षिक निर्वाचन के विभिन्न पदों के परिपेक्ष में कुल 51 नामांकन पत्र विक्रय किए गए हैं। नामांकन पत्र का दाखिला पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 व 5 फरवरी को होगा।

# दबंगों ने रोका निर्माण कार्य मांगी दो लाख की रंगदारी

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** दबंगों ने निर्माण कार्य रोक दिया। जिसे शुरू कराने के लिए पीड़िता से 10 फीट जमीन एवं दो लाख की रंगदारी मांगी गई। इसकी शिकायत पीड़िता ने डीआईजी देवी पाटन मंडल व एसपी से की है। मामला खरगूपुर इमलिया का है। यहां की रहने वाली शाहजहां ने डीआईजी तथा एसपी से शिकायत कर आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन पर मकान निर्माण करा रही थी। गांव के ही जुनैद एवं अयूब निर्माण कार्य रोक रहे हैं और कह रहे हैं कि जमीन पर निर्माण तभी करोगी जब उन्हें 10 फीट जमीन या दो लाख रुपए दे दोगी। पीड़िता ने कहा कि उक्त जमीन में दोनों आरोपी सह खातेदार भी नहीं है। बावजूद उसे निर्माण करने से रोक रहे हैं। महिला ने डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक से जांच एवं उचित कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** मोतीगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

थाना मोतीगंज में पंजीकृत यू.पी. गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित आरोपी विपिन कुमार सिंह को चौबेपुर नाला के पास से पुलिस ने दबोचा। अभियुक्त अपराधी गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, 2 फरवरी को क्षेत्र में भ्रमण व चेकिंग के दौरान जनता से मिली सूचना के आधार पर गिरोह की गतिविधियों का खुलासा हुआ। जांच में गिरोह के सक्रिय सदस्य अर्जुन पाठक का नाम भी सामने आया। गिरोह चार्ट तैयार कर अनुमोदन के बाद गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामभवन पासवान, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार यादव आदि थे।

### पुलिस ने हत्याकांड के वांछित को दबोचा

**गोंडा, अमृत विचार :** कर्नलगंज पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कर्नलगंज में पंजीकृत केस से संबंधित वांछित अभियुक्त इन्तजार को लखनऊ–गोण्डा मार्ग स्थित सब्जी मंडी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, 4 दिसंबर 2025 को अकबर अली उर्फ चौधरी का शव खैरुद्दीन शाह कब्रिस्तान के पीछे खेत में बने कुएं से संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। मृतक की पत्नी नगमा की तहरीर पर चार नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। 10 दिसंबर को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि इन्तजार फरार चल रहा था। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### फूलों की खेती से किसानों को होगी अधिक आय



प्रशिक्षण में उपस्थित किसान। ● अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनान्तर्गत कृषि विभाग की ओर से विकासखंड छपिया के कृषकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ने कृषकों से फूलों की खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि गेंदा, गुलाब, जरवेरा, ग्लैडियोलस आदि फूलों की खेती कर किसान ज्यादा आय प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. राम लखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने रबी फसलों में सम–सामयिक कार्य, फसल अवशेष प्रबंधन, नैनो उर्वरकों का प्रयोग, प्राकृतिक एवं जैविक खेती आदि की जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने केला एवं टमाटर की वैज्ञानिक खेती आदि, डॉ अजीत सिंह वत्स ने रबी फसलों में कीट व रोग प्रबंधन व एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन, डॉ. हनुमान प्रसाद पांडे ने मृदा परीक्षण एवं हरी खाद की खेती, डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता ने मिश्रित मत्स्य पालन तकनीक, डॉ. दिनेश कुमार पांडे ने फल एवं सब्जी पौध उत्पादन तकनीक आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर रोहित कुमार सिंह बीटीएम, राजेश कुमार जायसवाल बीटीएम, मनोज कुमार पांडे, शिवा कृषि तकनीकी संस्थान के वीबी सिंह तथा नित्यानंद शुक्ला साहित प्रगतिशील कृषकों जग प्रसाद तिलकराम, पारसनाथ, मिठाई लाल, संजय वर्मा आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

**कार्यक्रम** — आकांक्षा समिति की पहल से बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी और आत्मविश्वास

# आयुक्त, डीएम व सीडीओ ने बच्चों से बात कर बढ़ाया उत्साह

**गोंडा, अमृत विचार :** मण्डलीय आकांक्षा समिति देवीपाटन मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को बालगृह बालिका/शिशु गृह, पंतनगर में बच्चों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्थान में निवासरत बालिकाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। दृष्टि संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद बच्चों को चश्मों का वितरण किया गया। बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। साथ ही ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को ऊनी वस्त्र प्रदान किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। बच्चों के लिए नाश्ता एवं अल्पाहार की भी समुचित व्यवस्था की गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक आत्मीय, उत्साहपूर्ण एवं बच्चों के अनुकूल बना रहा। कार्यक्रम में मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण और उनके साथ आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने बच्चों से सीधा संवाद किया, उनका उत्साहवर्धन किया तथा इस पहल को समाज और प्रशासन के समन्वित प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से झलक रहा था। संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आकांक्षा समिति, जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को बच्चों के हित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।




बाल गृह में बच्चे को उपहार देते आयुक्त, साथ में आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण, डीएम व सीडीओ ● अमृत विचार

# फर्जी दस्तावेज पर ऋण लेने के दो मामलों में केस

**करनैलगंज, अमृत विचार :** स्टेट बैंक की करनैलगंज शाखा के प्रबंधक प्रशांत सिंह की तहरीर पर दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि बैंक अधिकारियों को गुमराह कर गलत दस्तावेज लगाकर ऋण लिया गया और बंधक भूमि का विक्रय भी कर दिया गया। शाखा प्रबंधक के अनुसार ग्राम प्रतापपुर निवासी छोटकू ने वर्ष 2016 में 2.50 लाख रुपये तथा ग्राम बसेरिया निवासी सरजू सिंह ने 2.53 लाख रुपये का ऋण लिया था। दोनों ने एक ही दस्तावेज के आधार पर दूसरे बैंक से भी ऋण लिया और अदायगी नहीं की। यह मुकदमे न्यायालय के आदेश पर दर्ज किए गए हैं। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# युवक को बंधक बनाकर किया प्रताड़ित, जबरन कराया धर्मांतरण

## पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू कर दी मामले की छानबीन

संवाददाता, बलरामपुर

**दबंगई**

- रायबरेली की मुस्लिम युवती ने धोखे से बुलाकर बनाया बंधक
- घरवालों ने जबरन युवक से करवा दिया निकाह

**अमृत विचार :** बलरामपुर नगर के मोहल्ला पहलवारा निवासी एक युवक ने रायबरेली की एक मुस्लिम युवती और उसके परिवार पर घर में बंधक बनाकर प्रताड़ित करने और जबरन धर्मांतरण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर नगर कोतवाली की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में मोहल्ला पहले निवासी पीड़ित भूपेंद्र प्रताप चौहान ने कहा है कि वह वर्ष 2019 में रोजगार के लिए दुबई गया था। वहीं से मोबाइल के जरिए रायबरेली जनपद के थाना बछरावां निवासी एक मुस्लिम युवती से बातचीत होने लगी। बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ता गया। इसी बीच पीड़ित लौटकर घर आया तो युवती तथा उसके परिजनों ने उसे अपने घर बुलाया।

पीड़ित का आरोप है कि युवती तथा उसके परिजनों ने उसको घर में जबरन बंधक बना लिया। नाखून उखाड़े और करंट का शॉक देकर उसे बुरी तरह से प्रताड़ित किया। आरोपियों ने युवक का धर्मांतरण करवा कर नाम शहनाज रख दिया और युवती के साथ जबरन उसका निकाह भी करवा दिया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि युवती तथा उसके परिजन हमेशा उसके साथ रहते थे। पीड़ित ने कई बार भगाने का भी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ तो आरोपियों ने उसे जमकर मारा-पीटा।

बीती 30 जनवरी को पीड़ित किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर भागने में सफल रहा और लौटकर अपने घर पहुंचा। पीड़ित ने बताया कि अब भी युवती तथा उसके परिवार वाले उसे लगातार धमकी दे रहे हैं और वापस बुला रहे हैं। युवक ने आरोप लगाया कि वे कह रहे हैं कि वापस नहीं आओगे तो तुमको वहीं मरवा देंगे। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपियों की धर्मांतरण कराने की एक संस्था है और यह लोग पहले भी कई लोगों को इसी तरह जबरन अपने जाल में फंसा कर धर्मांतरण करवा चुके हैं।

पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। नगर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## बलरामपुर को एनीमिया मुक्त बनाने की मुहिम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले में एनीमियामुक्त भारत अभियान को प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। महिलाओं, किशोरियों और बच्चों में तेजी से फैल रही एनीमिया की समस्या पर नियंत्रण के लिए शासन की मंशा के अनुरूप ठोस रणनीति के साथ कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने दी।

सीएमओ ने बताया कि सभी पीएचसी, सीएचसी आरोग्य मंदिरों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों के माध्यम से एनीमिया की नियमित जांच की जा रही है। साथ ही आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) टैबलेट का वितरण और पोषण जागरूकता कार्यक्रम भी लगातार संचालित किए जा रहे हैं। सीएमओ ने लोगों से अपील की कि वे जांच कराएं और आयरनयुक्त आहार अपनाकर बलरामपुर को एनीमियामुक्त बनाने में सहयोग करें।

# हत्याकांड के चार दोषियों को उम्रकैद

**अदालत से**

- सभी अभियुक्तों पर 20-20 हजार रुपये जुर्माना भी लगा

पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश सुमित प्रेमी की अदालत ने दलित युवक की हत्या के मामले में चार अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने सभी दोषियों पर 20-20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता रणधीर सिंह ने बताया कि यह मामला थाना पचपेड़वा क्षेत्र के ग्राम परसोना से जुड़ा है। ग्राम निवासिनी उमिला ने 26 जून 2016 को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि उनके पति राम सूरत को गांव के ही तिरु, रिखीराम, नथिया यादव तथा चिकवा कुर्मी वीडियो देखने के बहाने घर से बुलाकर ले गए और बाद में उनकी हत्या कर शव को बांधा नाले में फेंक दिया।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से वादिनी सहित अन्य गवाहों के बयान न्यायालय में दर्ज कराए गए। अभियोजन ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की संलिप्तता को प्रमाणित किया। वहीं बचाव पक्ष ने दलील दी कि प्राथमिकी झूठी है तथा घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी गवाह नहीं है। साथ ही गवाहों के बयानों में विरोधाभास होने की बात भी कही गई। दोनों पक्षों के तर्कों और प्रस्तुत साक्ष्यों को सुनने के बाद न्यायालय ने चारों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई।

## दुष्कर्म के दोषी को 7 साल का कठोर कारावास

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में अपराधियों को सजा दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत एक अहम सफलता मिली है। दुष्कर्म के मामले में दोषी पाए गए अभियुक्त को न्यायालय ने 7 वर्ष के कठोर कारावास तथा 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा चिन्हित गंभीर मामलों में लगातार मजबूत पैरवी की जा रही है, जिससे दोषियों को न्यायालय से सजा दिलाई जा सके। प्रकरण में वर्ष 2010 में पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया था। पुलिस द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार दिया। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों और प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर अभियुक्त को दुष्कर्म के अपराध में दोषसिद्ध मानते हुए कठोर सजा सुनाई। इस फैसले से न केवल पीड़िता को न्याय मिला है, बल्कि समाज में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश भी गया है।

## पोलिंग बूथों पर भरे गए फार्म-6

**बलरामपुर, अमृत विचार :** गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में क्षेत्र के कई बूथों पर नव मतदाताओं से फार्म-6 भरवाए गए।

मंगलवार को गैसड़ी के बूथ संख्या 80 व 81 पर अभियान की समीक्षा करते हुए जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि जिलेभर में एसआईआर के माध्यम से अधिक से अधिक नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर नए मतदाताओं से संपर्क करें और फार्म-6 भरवाने में सहयोग करें। पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता नव मतदाताओं को जोड़ने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य में मानकों का करें पालन : चेयरमैन



सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करते नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम के चारों ओर कराए जा रहे सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य का पालिका चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय ठेकेदार रूपेश ओझा के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया।

चेयरमैन ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में जहां-जहां पानी के निकास के लिए क्रॉस नाली अथवा पाइप की आवश्यकता है, वहां उसकी समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि बरसात के समय जलभराव की समस्या न हो। उन्होंने दिक्षित चौराहे के चौड़ीकरण पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि इससे यातायात व्यवस्था सुचारू होगी। चेयरमैन ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं।

## विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस से अभद्रता

**गोंडा, अमृत विचार :** मारपीट के मामले की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस के साथ दबंगों ने अभद्रता की जिस पर पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामला नगर कोतवाली अंतर्गत पूरे शिवा बख्तावर का है। गांव के रहने वाले आनंद प्रकाश तथा विवेकानंद में मकान पर कब्जा कब्जा करने को लेकर विवाद था दोनों पक्ष आमने-सामने थे सूचना पर सद्भावना चौकी इंचार्ज विभव तिवारी अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्ष में बीच बचाव करने लगे। इसी दौरान आदित्य कौशल उर्फ गोलू व अन्य ने अभद्रता करनी शुरू कर दी, जिस पर पुलिस की ओर से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर कोतवाली पुलिस के मुताबिक पुलिस के साथ अभद्रता करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया अन्य की तलाश की जा रही है।

# विवि के निर्माण कार्यों में लाएं तेजी : डीएम

**निर्देश**



निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विवि का निरीक्षण करते डीएम और अन्य अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आकार ले रहे निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने मंगलवार को गहन स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.रवि शंकर सिंह भी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जनपद के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने श्रमिकों की संख्या तत्काल बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि भवन निर्माण, आंतरिक संरचनाओं और अन्य सहायक कार्यों को एक साथ तेजी से पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि कार्यों में गति लाने के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

डीएम ने विवि परिसर में प्रस्तावित विद्युत सब-स्टेशन के निर्माण कार्य को प्राथमिकता सेपूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ हुए बिना विवि का संचालन प्रभावी रूप से संभव नहीं होगा। इसके साथ ही उन्होंने फिनिशिंग कार्यों जैसे फर्श, प्लास्टर, पेंटिंग, विद्युत फिटिंग सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और निगरानी सुनिश्चित करने को कहा, ताकि निर्माण गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग भवन खंड के अधिशासी अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आश्रम पद्धति विद्यालय का किया निरीक्षण

**बलरामपुर अमृत विचार :** डीएम विपिन कुमार जैन ने सोमवार को विकास खंड पचपेड़वा स्थित राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय, विशुनपुर विश्राम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रावास, भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। डीएम ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई, भोजन की गुणवत्ता, आवासीय व्यवस्था एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और लक्ष्य निर्धारण कर मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में स्मार्ट कक्षा की व्यवस्था को मजबूत करने तथा एक बेहतर और समृद्ध पुस्तकालय विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं को आधुनिक शिक्षा संसाधनों का लाभ मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में हाउस सिस्टम लागू करने पर जोर देते हुए खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, कला एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए।

# करनैलगंज के डाकिया ऋषभ सिंह बने बेजुबानों की उम्मीद

**रमेश पाण्डेय, करनैलगंज, अमृत विचार :**



ऋषभ सिंह

करनैलगंज पोस्ट ऑफिस में डाकिया के पद पर तैनात ऋषभ सिंह इन दिनों अपने इंसानियत भरे व्यवहार के कारण लोगों के दिलों में खास जगह बना चुके हैं। वे रोज़ घर-घर चिट्ठियां पहुंचाने के साथ रास्ते में मिलने वाले जीवों को दाना-पानी कराना भी नहीं भूलते।

ग्राम कलहंस भलियन पुरवा निवासी ऋषभ सिंह के घर के पास स्थित बाग में रोज़ सुबह दर्जनों कौवे, तोते और गिलहरियां अपने आप आ जाती हैं। उन्हें दाना-पानी देना अब ऋषभ की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है। बेजुबानों के साथ उनका यह आत्मीय रिश्ता उनके संवेदनशील स्वभाव और करुणामयी सोच को दर्शाता है।

ऋषभ सिंह का मानना है कि सेवा केवल इंसानों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। वे कहते हैं, अगर हमारे पास देने के लिए थोड़ा सा भी है, तो किसी भूखे जीव को खिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। उनकी दिनचर्या में कौवे, गिलहरी, तोते, बंदर और मछलियों को नियमित रूप से दाना-पानी कराना शामिल है। लोग उन्हें कई बार ड्यूटी के दौरान भी रास्ते में रुक कर पक्षियों और जानवरों को खिलाते हुए देखते हैं। आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में जहां हर कोई सिर्फ मंज़िल की ओर दौड़ रहा है, वहीं ऋषभ कुछ पल रुक कर किसी बेजुबान की भूख मिटाते हैं। यही ठहराव उन्हें आम से खास बनाता है। ऋषभ सिंह की यह छोटी-सी आदत आज एक बड़ी सीख बन चुकी है। उनका मानना है कि इंसानियत शब्दों में नहीं, बल्कि रोजमर्रा के छोटे-छोटे कर्मों में जिंदा रहती है।

## पुरानी पेंशन बहाली को संघर्ष तेज करेगा अटेवा

**गोंडा, अमृत विचार:** पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर अटेवा (अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी शिक्षक संयुक्त संघर्ष समिति) ने वर्ष 2026 को निर्णायक बनाने की रणनीति तैयार कर ली है। इसी क्रम में अटेवा के जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया तथा आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 2026 में पेंशन आंदोलन को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए जिले में व्यापक स्तर पर बड़े आंदोलन किए जाएंगे। इसके साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तर से लेकर न्याय पंचायत स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अटेवा जिलाध्यक्ष अमर यादव ने कहा कि नई पेंशन व्यवस्था कर्मचारियों से अन्याय है और पुरानी पेंशन बहाली तक अटेवा का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

# पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने विकास खंड पचपेड़वा स्थित थारू जनजाति बाहुल्य गांव भौंरीसाल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने गांव को मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त करने के लिए संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचाया जाए।



थारू जनजाति बहुल गांव भौरीसाल का निरीक्षण करते डीएम और अन्य अधिकारी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यूपी सिडको के माध्यम से थारू ग्राम में कराए गए इंटरलॉकिंग कार्य का भी जायजा लिया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता व प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण किए जाएं। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत भूसहर पुरई में सामुदायिक भवन के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन ग्रामीणों की सामाजिक और सामूहिक गतिविधियों का केंद्र होता है, इसलिए इसके रखरखाव और सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय फोगही का निरीक्षण किया। इसके बाद ग्राम भूसहर उचवा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बच्चों और महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

## साइबर सेल ने पीड़ित को दिलाये ठगे गए रुपये

**गोंडा, अमृत विचार :** ऑपरेशन साइबर कवच के तहत साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड का शिकार हुए एक पीड़ित के 1,01,500 रुपये वापस कराए। विजय कुमार सिंह ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर 1,01,500 रुपये की साइबर ठगी होने की शिकायत साइबर सेल में दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही साइबर सेल टीम सक्रिय हुई और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बैंक स्तर पर त्वरित कार्रवाई कर धनराशि को सुरक्षित रिकवर कर लिया गया।

**श्री रघुकुल महिला विद्यापीठ**
सिविल लाइन्स-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं अर्थशास्त्र विषयों में एवं परास्नातक कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में गृह विज्ञान एवं हिन्दी विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैः-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

**विपिन बिहारी शरण सिंह महाविद्यालय**
तरबगंज-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैः-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

**शीतलगंज प्रताप महाविद्यालय**
शीतलगंज ग्रन्ट, मसकनवा-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में रसायन विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैः-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

**शशिभूषण शरण सिंह महाविद्यालय**
उज्जैनीकलॉ-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में एवं परास्नातक विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में जन्तु विज्ञान विषय में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैः-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

**पहल** | पुलिस लाइन परिसर में खुला स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण केंद्र

# आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे पुलिसकर्मियों के परिवार

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस कर्मियों के बच्चों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दूरदर्शी पहल की जा रही है। वामा सारथी एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस लाइन परिसर में स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है। एडमिशन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इस केंद्र के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बनाया जाएगा, ताकि वे स्वरोजगार और निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। कौशल विकास मिशन के एमआईएस मैनेजर दीपक खरे व अविनाश सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण केंद्र विशेष रूप से पुलिस लाइन परिसर में रहने वाले परिवारों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। यहां एनएसडीसी के तहत प्रमाणित सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किए जाएंगे। इन कोर्सों में सिलाई-कढ़ाई, टेलरिंग, ब्यूटीशियन, बेसिक कंप्यूटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित अन्य तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल होंगे। डाटा एंट्री ऑपरेटर का कोर्स तीन माह का होगा, जिसे पूरा करने पर प्रशिक्षार्थियों को मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।



प्रशिक्षण के लिए तैयार कक्ष व कंप्यूटर आदि। ● अमृत विचार

प्रशिक्षण केंद्र में आधुनिक संसाधनों की समुचित व्यवस्था की गई है। यहां 15 कंप्यूटर, 10 सिलाई मशीन सहित आवश्यक उपकरण लगाए गए हैं। एक बैच में 25 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि प्रतिदिन कुल छह बैच संचालित करने की योजना है। इससे बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं एक साथ प्रशिक्षण का लाभ उठा सकेंगे। मैक्स प्रो डिजिटल इंडिया लिमिटेड कंपनी के एमडी महेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि कौशल विकास मिशन और वामा सारथी के सहयोग से यह कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे और महिलाएं यहां निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। अविनाश सिंह ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों के परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनमें आत्मविश्वास पैदा करना है। स्थानीय स्तर पर इस प्रयास की व्यापक सराहना हो रही है। माना जा रहा है कि यह प्रशिक्षण केंद्र पुलिस लाइन में रहने वाले परिवारों के लिए आय के नए रास्ते खोलेगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगा।

# पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मना बीनू का जन्मदिन



मरीज को फल वितरित किये गये। ● अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येन्द्र बीनू के जन्मदिन के अवसर पर सेवा और सामाजिक सरोकार का संदेश देते हुए चिकित्सालयों में फल वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मरीजों एवं उनके परिजनों ने उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंगलवार को शक्ति सहयोग फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी आनंद कुमार चौहान के नेतृत्व में जन्मदिन कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत टेढ़ी बाजार स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना और हवन से हुई। इसके उपरांत स्थानीय मेमोरियल चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए गए। इस दौरान आनंद कुमार चौहान ने कहा कि यह पहल मरीजों को पोषण के साथ मानसिक संबल भी प्रदान करती है। साथ ही शक्ति सहयोग फाउंडेशन की ओर से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

न्यूज ब्रीफ

### परीक्षा के बाद छात्रों ने की तोड़फोड़, घटना सीसीटीवी में कैद

जरवल रोड (बहराइच) : ठाकुर भगौती सिंह किसान इंटर कॉलेज में परीक्षा संपन्न होने के बाद कुछ छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। बताया गया कि छात्रों ने तीन कमरों में लगे सीसीटीवी कैमरे, लगभग एक दर्जन पंखों तथा कुछ बेंचों को क्षतिग्रस्त कर दिया। विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में तोड़फोड़ करने वाले सभी छात्र कैमरे में कैद हो गए हैं। फुटेज के आधार पर छात्रों की पहचान कर उनके अभिभावकों को नोटिस भेजा जा रहा है। विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि अभिभावक क्षतिग्रस्त सामान की मरम्मत अथवा क्षतिपूर्ति करा देते हैं तो मामला यहीं समाप्त कर दिया जाएगा, अन्यथा संबंधित छात्रों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रबंधक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि नुकसान पहुंचाने वाले छात्रों के अभिभावकों को चिह्नित कर प्रधानाचार्य द्वारा नोटिस भेजी जा रही है। यदि समय रहते क्षतिपूर्ति नहीं की जाती है तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### आग की चपेट में आने से तीन दुकानें जलीं

श्रावस्ती : भिनगा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नगर के ही इंडियन बैंक के सामने स्थित एक दुकान में मंगलवार आग लग गई है। इसकी चपेट में आने से तीन दुकान जलकर राख हो गई। सूचना पर दमकल कर्मियों के साथ पहुंची पुलिस ने आग को काबू किया। भिनगा के दर्जी मोहल्ला निवासी राशिद अली पुत्र वारिस अली की दुकान में रखे फ्रीजर में हुई शर्ट सर्किट से मंगलवार को आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग की लपटों ने सुनील कश्यप पुत्र रामफेरन निवासी टड़वा (रजानगर) व श्रवण कुमार प्रजापति की दुकान को भी अपनी आगोश में ले लिया। आग बेकाबू देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस सहित दमकल कर्मियों को दिया। जब तक दमकल कर्मी मौके पर पहुंचते आग की चपेट में आने से तीनों दुकान में रक्खा सामान जल गया। घटना में करीब एक लाख रुपए के संपत्ति के क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# बजट पर सत्ता पक्ष व विपक्ष में छिड़ी रार

## किसी ने ऐतिहासिक दस्तावेज तो किसी ने उम्मीदों पर पानी फेरने वाला बताया

पयागपुर (बहराइच)


मुकेश श्रीवास्तव।


रामजी यादव।


निशंक त्रिपाठी।


माधुरी सिंह।

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश किए गए बजट ने देश के राजनीतिक गलियारों में बहस छेड़ दी है। जहां जनपद में सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों ने इसे 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज बता रहा है, वहीं विपक्ष ने इसे आम जनता और किसानों की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला बजट करार दिया है।

केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, "यह बजट देश के 95% लोगों का बजट नहीं है। प्रावधानों को देखकर स्पष्ट है कि इससे केवल 5% संपन्न वर्ग को ही लाभ मिलेगा। देश में बेरोजगारी अपने चरम पर है, लेकिन बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन का कोई ठोस रोडमैप नहीं दिखाई देता।

वहीं सपा नेता राम जी यादव ने बजट की आलोचना करते हुए इसे दिशाहीन बताया। उन्होंने कहा कि, "बजट से किसान, नौजवान और गरीब पूरी तरह गायब हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के बजाय सरकार ने इसे हाशिए पर धकेल दिया है। यह बजट पूरी तरह से बेकार है।

दूसरी ओर भाजपा और उसके समर्थकों ने बजट की जमकर सराहना की है। विधान सभा संयोजक निशंक त्रिपाठी ने इसे जनहितैषी बताते हुए कहा कि यह बजट किसानों और आम जनता के लिए सर्वसमावेशी है। इसमें न केवल कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने पर जोर दिया गया है, बल्कि पर्यटन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देकर स्थानीय रोजगार की नई राहें खोली गई हैं।

उधर भाजपा नेत्री माधुरी सिंह त्रिपाठी ने बजट को वैश्विक संदर्भों से जोड़ते हुए इसे भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा-यह बजट विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाला है। घरेलू व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर इसमें विशेष ध्यान दिया गया है। बजट की सफलता का प्रमाण इसी बात से मिलता है कि 24 घंटे के भीतर अमेरिका के साथ एक बड़ी ट्रेड डील फाइनल हुई है, जो भारत के प्रति वैश्विक विश्वास को दर्शाता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

बाबागंज (बहराइच)। थाना क्षेत्र रुपईडीहा अंतर्गत तकरीबन 5: 50 सोरहिया टावर के निकट स्थित नेशनल हाईवे 927 पर किसी अज्ञात वाहन साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक लावारिस रूप से सड़क किनारे पड़ा हुआ था। वही रुपईडीहा के नई बस्ती निवासी रहिस अहमद अपनी किसी निजी काम से बाबागंज की ओर जाते समय घायल युवक पर नजर पड़ी। तत्पचात रहिस अहमद ने ततपरता दिखाते हुए तत्काल रुपईडीहा पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची रुपईडीहा पुलिस चौकी इंचार्ज बाबागंज शिवेश शुक्ला ने तत्काल घायल युवक को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी चरदा हॉस्पिटल भिजवाया। उन्होंने घायल के परिवारीजनों सूचना दी है। युवक की पहचान वीरेंद्र सोनकर पुत्र चिंताराम निवासी लक्ष्मणपुर के रूप में हुई है।

# वन को आग से बचाने के लिए स्थापित हुआ कंट्रोल रूम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद बहराइच प्रदेश में वन सम्पदा से आच्छादित मुख्य जनपदों में से एक है जिसमें बहुमूल्य प्रजाति के साल, शीशम एवं सागौन आदि के वृक्षों के साथ-साथ अनेकानेक वन्य जीवों का भी प्राकृतवास है। यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच ने बताया कि वर्तमान समय में 15 फरवरी से 15 जून तक का समय अग्निकाल का है। ऐसे में वन को आग से बचाने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अग्निकाल में वनों/वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा/संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है जिसके लिए आवश्यक है कि वनों को अग्नि से बचाये जाने एवं वनों में माचिस, बीड़ी, मिट्टी का तेल आदि अग्नि सम्बन्धी वस्तुओं तथा वाहनों आदि का अनाधिकृत प्रवेश पूर्णतया वर्जित है।

डीएफओ ने बताया कि वन व वन्य जीव हमारे भविष्य है जिनकी सुरक्षा में ही हमारा एवं मानव जाति का भविष्य सन्निहित है। इसलिए हमें कि वनों तथा वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा को परमधर्म से राष्ट्रधर्म मानते हुए वनों एवं उसमें प्राकृतवास करने वाले वन्य जीवों की प्रत्येक दशा में रक्षा करने का दृढसंकल्प लेना होगा। वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रभाग स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 7839434875 पर वनाग्नि की सूचना दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि व जन सामान्य वनाग्नि की सूचना प्रदेश मुख्यालय के हेल्पलाइन नम्बर-0522-2977310 पर भी दे सकते हैं।

### हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती)। बौद्ध परिपथ व फोरलेन पर हुए दो अलग अलग मार्ग दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भिनगा रेफर किया गया है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मटखनवा निवासी दिनेश (30) पुत्र ननकऊ मंगलवार बाइक से बहराइच जा रहा था। सुबह घने कोहरे के कारण दृष्टता कम होने से उसकी सोनवा थाना क्षेत्र के नेवरिया मोड़ के निकट किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गईं। घटना में गंभीर रूप से घायल दिनेश को सीएचसी सोनवा ले जाया गया। वहां से उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया। एक अन्य घटना में गोंडा अपनी रिश्तेदारी से सोमवार देर शाम बाइक से अपने घर इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम अमारे भरिया लौट रहे राजू (30) पुत्र आफत की बाइक को वीरपुर चौराहे के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल राजू को सीएचसी इकौना लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया।

# डंपर ने सड़क किनारे महिला का रौंदा, मौत

हादसा

- नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर हुआ हादसा, पुलिस ने डंपर किया जब्त

संवाददाता, बहराइच


हादसे के बाद मार्ग पर पलटा पड़ा डंपर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में स्थित नानपारा लखीमपुर मार्ग पर डंपर ने सड़क किनारे दुकान लगाए एक महिला को रौंद दिया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीण उसे इलाज के लिए लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले डंपर को कब्जे में लेकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र में स्थित परवानी गौढ़ी चौराहे पर इमरती देवी नाम की महिला सड़क के किनारे दुकानलगाकर मसाला व पानी बेचने का काम करती थी। मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे लखीमपुर की ओर से गिट्टी लेकर आ रहा डंपर अनियंत्रित होकर उसको रौंद दिया। जिसके चलते महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों की सूचना पर मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । घायल महिला को इलाज के लिए मिहिपुरवा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मार्ग दुर्घटना में वृद्ध की मौत, युवक गम्भीर, इकौना (श्रावस्ती):** इकौना थाना क्षेत्र में मंगलवार बौद्ध परिपथ स्थित पेटहारिया पुल के पास हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इकौना के ग्राम मोहम्मदपुर राजा निवासी सालिक राम साहू (50) मंगलवार को पैदल अपने घर से घरेलू सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान अकबरपुर निवासी विक्की अपनी बाइक से कटरा की ओर जा रहा था। पेटहारिया पुल के पास विक्की बाइक से नियंत्रण खो बैठा। इससे बाइक अनियंत्रित हो सालिक राम साहू को टक्कर मारते हुए पलट गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी इकौना पहुंचाया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद विक्की को हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल भिनगा व सालिक राम साहू को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान सालिक राम साहू की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### प्रदर्शनी के साथ क्विज प्रतियोगिता संपन्न

बहराइच, अमृत विचार। राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत बच्चों में वैज्ञानिक जागरूकता व खोज प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र तजवापुर में विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। आज की प्रतियोगिता में समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों से लगभग 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विज्ञान विषय से जुड़े 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न व साक्षात्कार के माध्यम से प्रतियोगिता संपन्न कराई गयी। प्रतियोगिता में समस्त बच्चों में से सर्वश्रेष्ठ 25 बच्चों का चयन करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ 10 बच्चों का चयन किया गया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए सर्वश्रेष्ठ पांच बच्चे अंश मिश्रा, राधिका बाजपेई उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोढयाल, राम प्रकाश यादव उच्च प्राथमिक विद्यालय यादवपुर, किशन अवस्थी उच्च प्राथमिक विद्यालय वीरशाहपुर तथा सोनिल उच्च प्राथमिक विद्यालय चेतरा रहे। सर्वश्रेष्ठ 25 बच्चों में से रेंडम सेंपलिंग के आधार पर पांच टीमों का चुनाव करते हुए उनके बीच में क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। क्विज प्रतियोगिता में टीम ए विजेता टीम रही, जिसमें अंश मिश्रा, टीकाराम, सचिन, सोनाक्षी व सोनिल शामिल रहे। ये बच्चे जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार, एआरपी आशुतोष शर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, रश्मि मद्धेशिया, नरेंद्र कुमार राय, जिला अध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय, प्रद्युम्न कुमार पांडे, कौशल कुमार शुक्ला, नीरज श्रीवास्तव, उमा सोनी, पूजा दीक्षित, अनिल कुमार सिंह, सतीश कुमार पांडेय, शैलेंद्र कुमार, अनुराग मिश्रा, अवधेश गुप्ता, गरिमा सिंह, स्नेहा पांडे, गायत्री तिवारी रहीं।

### स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार। पयागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकर्ताओं के लिए परिवार नियोजन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से उम्मीद परियोजना के अंतर्गत पापुलेशन फाउंडेशन इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी सीएचसी पयागपुर ने आशाओं को परिवार नियोजन के महत्व, वर्तमान परिदृश्य और सरकारी 'बास्केट ऑफ चॉइस' में उपलब्ध साधनों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बीपीएम अनुपम शुक्ल ने आशा कार्यकर्ताओं से समुदाय को परिवार नियोजन सेवाओं के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करने और परामर्श के महत्व पर जोर दिया। 'बास्केट ऑफ चॉइस', अंतरा, और परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों पर विशेष जानकारी प्रदान की।साथ ही प्रदान की जा रही सेवाओं को एफपीएलएमआईएस ऐप पर अवश्य दर्ज किया जाए। प्रशिक्षक चन्द्रेश्वर पाठक और जुगुल किशोर चौबे ने परिवार नियोजन की विभिन्न विधियों, उपयोग किए जाने वाले साधनों के सही समय, प्रभावपर विस्तृत जानकारी दी। पापुलेशन फाउंडेशन की प्रतिनिधि डॉ. सफिया जमीर ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र पयागपुर में कार्यरत सभी 232 आशा और 40 एएनएम का दूसरे चरण में बैच-वार प्रशिक्षण कराया गया है। इस दौरान आशाओं को शगुन किट एवं परिवार नियोजन सामग्री वितरण किया गया।


परिवार नियोजन सामग्री के साथ एसएनएम व अन्य।

### जनता के आशीर्वाद से है देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार: संजय राय



कार्यक्रम में मौजूद प्रभारी संजय राय, विधायक सुभाष त्रिपाठी व पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा।

संवाददाता, कैसरगंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** कैसरगंज क्षेत्र के एस.आर. मैरिज लॉन में मंगलवार को भाजपा की ओर से आयोजित समरसता खिचड़ी भोज कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओ की भारी भीड उमड़ी। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का संगठन और सरकार दोनो ही आमजनमानस की सेवा के लिए कार्य करते है। कार्यकर्ताओं के मेहनत के बल पर व जनता के आशीर्वाद से ही आज केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है।

उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण आज देश मे खुशहाली का माहौल है और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से मोदी लगातार तीसरी बार प्रधान मंत्री हैं। कार्यक्रम के आयोजक गौरव वर्मा ने आये हुए सभी अतिथियों को प्रतीक चिह्न व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पाण्डेय , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, जिला उपाध्यक्ष सुवेद वर्मा , ब्लाक प्रमुख मुन्ना सिंह, शिवसहाय सिंह, शिवानन्द सिंह, नीरज श्रीवास्तव एडवोकेट, करनवीर सिंह, अजय सिंह, सत्यम सोनी, हीरालाल मौर्य, सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अचानक भवन की स्लैब गिरी पांच श्रमिक घायल

संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार। नगर के बशीरगंज इलाके में भवन का निर्माण चल रहा है। मंगलवार को उसकी छत की स्लैब पड़ रही थी, तभी अचानक भर भराकर गिर गई। जिसके चलते उसकी चपेट में आकर काम कर रहे पांच मजदूर घायल हो गए। आस पास के लोगों ने सभी को बाहर निकाला घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर कोतवाली इलाके के बशीरगंज मोहल्ले में आज निर्माणाधीन भवन पर स्लैब डालने का कार्य हो रहा था। इस दौरान श्रमिक कार्य कर रहे थे। तभी अचानक स्लैप का एक हिस्सा गिर गया। जिसकी चपेट में आकर कंधई लाल, मनोज, राम निवास, विक्रम व झुलसे नाम के पांच मजदूर घायल हो गए। भीषण हादसे में बाद मौके पर हड़कंप मच गया, आस पास के लोगों ने सभी को बाहर निकाल इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां पर चिकित्सकों की ओर से सभी का इलाज किया जा रहा है। हादसे में घायलों में से एक श्रमिक को अधिक चोटें आई है।

### बूढ़ी राप्ती नदी में मिला लापता युवक का शव

जमुनहा (श्रावस्ती): संदिग्ध परिस्थितियों में लापता एक व्यक्ति का शव बूढ़ी राप्ती से बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 29 जनवरी से व्यक्ति घर से लापता था। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के मुराउनपुरवा मछरिहवा निवासी अनिरुद्ध उर्फ कल्लू (35) पुत्र राम कृपाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार शाम को कोतवाली क्षेत्र के भंगहा पावर हाउस के उत्तर दिशा में स्थित बूढ़ी राप्ती में पानी में उतराता देखा गया। शव देख लोगों की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव की पहचान कराने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अनिरुद्ध 29 जनवरी से घर से लापता था। परिजनों की ओर से उसकी तलाश की जा रही थी। लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा था।

# डीएम साहब, कब तक दुश्वारी झेलेंगे लोग

सिरसिया (श्रावस्ती)


मार्ग पर बिना बरसात के जलभराव की समस्या। अमृत विचार

- पिपरहवा जोगा गांव के लोगों ने निजात दिलाने लगाई गुहार

**अमृत विचार:** नेपाल सीमा क्षेत्र के विकासखंड सिरसिया का पिपरहवा जोगा गांव बदहाली का शिकार है। यहां ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ रहा है। इसकी जानकारी के बाद भी जिम्मेदारों की खामोशी ग्रामीणों पर भरी पड़ रही है।

सिरसिया के ग्राम पिपरहवा जोगा गांव में मुख्य मार्ग विगत तीन साल से पूरी तरह से जर्जर है। यह मार्ग गांव के दक्षिण व पश्चिम दिशा में काली माता मंदिर के पास धंस गई है, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर प्रत्येक मौसम में बगैर बरसात जलभराव की समस्या बनी रहती है। इससे लोगों को काफी दिक्कत होती है। सड़क किनारे बनी नाली भी पूरी तरह से टूट चुकी है, जिससे समस्या और गंभीर बनी हुई है। ऐसे में मिंटू यादव, राहुल पाठक, चेतराम यादव, लल्लू वर्मा, मनीराम वर्मा व रिंकू आदि ग्रामीणों ने डीएम अश्विनी कुमार पांडेय से हस्तक्षेप कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### चालक-परिचालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

बहराइच, अमृत विचार। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जरवल स्थित गुप्ता रोडवेज ढाबा पर परिवहन विभाग द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर लगभग 132 वाहन चालकों/परिचालकों एवं आमजन की आंखों की जांच कर उन्हें आंखों की सुरक्षा एवं नियमित परीक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। श्री सिंह ने बताया कि नेत्र परिक्षण शिविर के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र जरवल के अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश, नेत्र सर्जन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. रावत, नेत्र परीक्षण सहायक साकिब अहमद द्वारा शिविर संचालन में सहयोग प्रदान किया गया। नेत्र परीक्षण शिविर के दौरान एआरटीओ श्री सिंह व सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रदीप कुमार द्वारा मौजूद चालक-परिचालक व आमजन को सडक सुरक्षा नियमों एवं सड़क दुर्घटना से बचाव की जानकारी प्रदान की गयी तथा वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। श्री सिंह ने बताया कि ऐसे शिविरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा वाहन चालकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है।

### साखू की लकड़ी व बाइक समेत तस्कर गिरफ्तार

सिरसिया (श्रावस्ती), अमृत विचार। सीमा गस्त के दौरान एसएसबी जवानों ने एक बाइक सवार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चिरान का चार नग साखू की लकड़ी बरामद हुई। बाद में आरोपी को लकड़ी व बाइक सहित वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। नेपाल सीमा से सटे पश्चिमी सोहेलवा जंगल से प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रही। सोमवार देर शाम एसएसबी 62वीं वाहिनी के जवान नेपाल सीमा पर गस्त कर रहे थे। इस दौरान जवानों ने सीमा स्तंभ संख्या 633/06 से करीब 950 मीटर की दूर ताल बघौडा मार्ग पर एक बजाज प्लेटिना बाइक को रोका। उस पर साखू की चिरान लकड़ी 4 नग लदे हुए थे। पूछताछ में बाइक चालक की पहचान सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम तालबघौडा निवासी कलीम पुत्र शरीफ के रूप में हुई है। पूछताछ में कलीम ने बताया कि उसके भाई सलीम ने लकड़ी लादने में उसकी मदद की थी। यह लकड़ी तालबघौडा निवासी मुन्नालाल को पहुंचाना था। जवानों ने कलीम के पास से मिली लकड़ी, बाइक व एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन सहित अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए वन कार्यालय पश्चिमी सोहेलवा को सौंप दिया है।

स्वास्थ्य समस्या

## अधिकारियों ने आमजन से की अपील-कमजोर बच्चों को एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) तक पहुंचाने में करें मदद

# कुपोषण के समाधान में जिला अस्पताल का एनआरसी है सहारा

संवाददाता, बहराइच


एनआरसी में भर्ती अतिकुपोषित बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कुपोषण सिर्फ कमजोरी नहीं बल्कि बच्चों के शरीर, दिमाग और भविष्य को प्रभावित करने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। कई परिवार इसे बीमारी या खतरे की स्थिति नहीं समझते और सोचते हैं कि बच्चा समय के साथ अपने-आप ठीक हो जाएगा। यही सोच कई बार बच्चों को अति कुपोषण की ओर धकेल देती है।

डीएचईआईओ बृजेश सिंह के अनुसार इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार पोषण कार्यक्रमों के साथ-साथ अति कुपोषित (सैम) बच्चों के इलाज हेतु जिला अस्पताल में 10 बेड का पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) संचालित है। लेकिन सामाजिक झिझक और परिवारों की असहमति के कारण कई जरूरतमंद बच्चे समय पर एनआरसी तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पयागपुर ब्लॉक के पड़ेरा गाँव की साढ़े तीन साल की पायल (बदला हुआ नाम) इसका उदाहरण है। परिवार को लगता था कि कमजोरी अपने-आप ठीक हो जाएगी, लेकिन वजन घटकर करीब 7 किलो रह गया। आशा कार्यकर्ता के प्रयास से 14 दिन एनआरसी में भर्ती के बाद अब वह फिर से सक्रिय हो गई है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर से दिसंबर तक 2,298 बच्चों की स्क्रीनिंग में 844 बच्चे कुपोषित पाए गए। इनमें 821 स्थानीय स्तर पर इलाज योग्य थे, लेकिन केवल 570 ने उपचार लिया। वहीं 23 अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी रेफर किया गया, जिनमें से सिर्फ 9 ही वहां पहुंच सके। ये आंकड़े बताते हैं कि चुनौती इलाज की सुविधा नहीं बल्कि बच्चों को इलाज तक पहुंचाना है।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार कहते हैं कि कुपोषण का समाधान सिर्फ अस्पतालों में नहीं बल्कि घरों की रसोई में बना पोषण युक्त आहार, गांव की सोच और समुदाय की भागीदारी से निकलता है। जब तक परिवार इसे गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं समझेंगे तब तक एनआरसी जैसी सुविधाएं पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाएंगी। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आमजन से अपील की है कि यदि अपने आस-पास कोई बच्चा कमजोर, सुस्त दिखे, बार-बार बीमार पड़े या वजन न बढ़े तो उसे आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से एनआरसी तक पहुंचाने में मदद करें। ताकि कुपोषण के शिकार बच्चों को समय से इलाज मिले जिससे बच्चों तथा उनके अभिभावकों के चेहरों पर मुस्कान आ सके।

### जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 को

बहराइच। सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. सनख-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 फरवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यों पर चर्चा की जायेगी।

### केडीसी में बने 11 यूजीसी योग्यताधारी गेस्ट फैकल्टी

बहराइच, अमृत विचार। स्वायत्तशासी संस्था किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी की योग्यता रखने वाले रखने वाले डॉ दीपेन्द्र गुप्ता, शैलेंद्र प्रताप सिंह, साधना सिंह, अनूप कुमार शुक्ल, डॉ प्रिया अग्रवाल, सना परवीन, डॉ निर्भय सिंह, कु.अदिति जायसवाल, कु.वैष्णवी छवि, कु. सीमा मौर्या व डॉ सत्यभूषण सिंह को 'गेस्ट फैकल्टी' नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ सत्यभूषण सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ एसपी सिंह को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ आनन्द श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह, क्रीड़ा प्रभारी पंकज सिंह व देवेंद्र प्रताप सिंह छोटू सहित अनेक शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित थे।


नियुक्त किये गये गेस्ट फैकल्टी सदस्यों को बधाई देते सचिव मेजर एसपी सिंह व डॉ. सत्यभूषण सिंह।

